मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर

विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

## दलित की पिटाई के मामले में निरीक्षक व आरक्षी लाइन हाजिर

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली रुदौली के ग्राम दलसराय के दलित युवक मनोज गौतम को बेरहमी से पीटने और अवैध धन उगाही के मामले में कोतवाली में तैनात निरीक्षक संतोष यादव और आरक्षी को एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने लाइन हाजिर कर दिया है।मामले दोनों की संलिप्ता की जांच भी की जा रही है। मालूम हो कि चोरी के मामले में मनोज गौतम की पिटाई की गई थी।इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से गई है। आरोप लगाया गया कि आरक्षी अजीत यादव चोरी के शक में पूछताछ के लिए कोतवाली ले आए और अमानवीय व्यवहार कर पीटा। घर की महिलाओं से पैसे का दबाव बनाया। मारपीट के बाद पुलिस ने मामले को दबाने के लिए उसका शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। बाद में जमानत पर रिहा होने के बाद मनोज गौतम ने मीडिया के सामने अपनी आपबीती सुनाई और शरीर पर मौजूद चोटों के निशान दिखाए। इसे लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने निरीक्षक सन्तोष कुमार यादव एवं आरक्षी अजीत यादव को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। विभागीय जांच के आदेश भी दे दिए हैं।

# बस्ती रेंज में एडीए डेवलप करेगी बड़ी आवासीय कॉलोनी

**राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या।**

**अमृत विचार:** अयोध्या विकास प्राधिकरण, सरयू नदी पार पहली बड़ी आवासीय कॉलोनी डेवलप करने जा रहा है। इसके लिए किसानों से जमीन खरीद का काम शुरू कर दिया गया है। यह कॉलोनी श्रीराम मंदिर से महज 13 से 15 किमी दूर हाईवे पर स्थित होगी। कॉलोनी आधुनिकतम सुविधाओं से सुसज्जित होगी। इस साल के अंत तक इस पर तेजी से काम शुरू होने की उम्मीद है।

श्रीराम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में आवासीय सुविधा चाहने वालों की संख्या बढ़ी है। पूरे देश से लोग यहां जमीनें खरीद रहे हैं। साथ ही अयोध्या विकास प्राधिकरण से डेवलप की जाने वाली नई आवासीय कॉलोनियों का इंतजार किया जा रहा है। एडीए ने श्रीराम मंदिर निर्माण के बाद लखनऊ-अयोध्या हाईवे नंबर-27 पर एडीए ने फिरोजपुर उपरहार, मंगलसी में वशिष्ठ कुंज फेज-1 आवासीय योजना के तहत पहली बड़ी कॉलोनी शुरू की। वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना के बाद प्राधिकरण की यह दूसरी, लेकिन विस्तारित क्षेत्र में सरयू नदी पार एडीए की पहली बड़ी कॉलोनी होगी।



- 200 एकड़ तक हो सकता आवासीय कॉलोनी का फैलाव, शुरू हुई किसानों से जमीन खरीद

कॉलोनी की खासियत यह है कि यह श्रीराम मंदिर से महज लगभग 14 किमी दूर होगी। यह कॉलोनी भी हाईवे नंबर-27 के किनारे होगी। श्री राम मंदिर के साथ अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन अधिकतम आधे घंटे में पहुंचा जा सकेगा। लगभग इतने ही समय में अयोध्या एयरपोर्ट की पहुंच होगी। एडीए सचिव राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि अब नई कॉलोनी के लिए लगभग 90 एकड़ जमीन खरीदी जा चुकी है। किसानों से जमीन खरीद का काम चल रहा है। बताया गया है कि इस साल के अंत तक इस कॉलोनी का काम तेज होगा। शुरुआती काम शुरू होने के बाद कॉलोनी के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू होने की उम्मीद है।

### वशिष्ठ कुंज के तीन चरणों की हो चुकी बुकिंग




एडीए की राम नगरी की पहली बड़ी आवासीय योजना वशिष्ठ कुंज फेज वन के लिए अब तक तीन चरणों में बुकिंग की जा चुकी है। पहले और दूसरे चरण के लिए लॉटरी की विधि से आवंटन भी कर दिया गया है। तीसरे चरण केलिए भी आवदेन लिए जा चुके हैं।

### सरयू तट पर विकसित हो रही ग्रीन फील्ड टाउन शिप

आवास विकास परिषद से अयोध्या में सरयू के दक्षिणी तट पर लगभग 12 सौ एकड़ में नई ग्रीन फील्ड टाउनशिप विकसित की जा रही है। इसमें विभिन्न प्रदेशों के भवनों के साथ आवास और होटल व अन्य आधुनिकतम सुविधाएं होंगी।



"अयोध्या विकास प्राधिकरण, विस्तारित क्षेत्र के बस्ती जिले में नई बड़ी आवासीय कॉलोनी डेवलप कर रहा है। इसके लिए किसानों से जमीन की खरीद की जा रही है। इसका क्षेत्रफल 200 एकड़ तक हो सकता है। साल के अंत तक इस पर काम शुरू कराने का प्रयास है। – **राजेश कुमार, कमिश्नर व अध्यक्ष एडीए, अयोध्या**

## न्यूज ब्रीफ

### मोतीहारी मंदिर में श्रीसीताराम प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिक उत्सव

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी के प्राचीन एवं सिद्धपीठ मोतीहारी मंदिर में भगवान श्रीसीताराम का वार्षिक उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। वार्षिक उत्सव में मंदिर के गर्भगृह में विराजमान भगवान श्रीसीताराम का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंचामृत, फलों के रस तथा सुगंधित सर्व औषधियों से भव्य अभिषेक किया गया। इसके उपरांत भगवान को नवीन वस्त्र धारण कराकर आकर्षक एवं दिव्य श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात विधिवत पूजन–अर्चन कर भगवान की भव्य आरती उतारी गई। श्रीरामवल्लभाकुंज के प्रमुख स्वामी राजकुमार दास, बड़ा भक्तमाल के महंत अवधेश कुमार दास, हनुमानगढ़ी के सरपंच महंत रामकुमार दास, धर्मसम्राट महंत ज्ञानदास के उत्तराधिकारी महंत संजय दास सहित हजारों संत–महंत समारोह में शामिल हुए।

### कायम रखना होगा राजा सुहेलदेव के गौरव को: विधायक

**पूराबाजार, अमृत विचार :** राजभर समुदाय के लोगों ने नितेश कुमार राजभर की अगुवाई में मड़ना के सचिवालय में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। विधायक ने कहा कि राजा सुहेलदेव 11वीं शताब्दी में श्रावस्ती के एक महान राजा थे। उन्होंने गजनवी सेनापति सैयद सलार महमूद गाजी को पराजित किया था। इसलिए मड़ना में उनकी प्रतिमा लगाकर उनके गौरव को कायम रखा जाएगा। प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव से गांव में जमीन चिन्हित करने को कहा। कहा कि जमीन उपलब्ध होते ही वह प्रतिमा लगवाएंगे। सौंपे गए ज्ञापन में समुदाय के लोगों ने राजा सुहेलदेव की प्रतिमा गांव में लगाने जाने की मांग की है। गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह, चंद्र प्रकाश राजभर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल देव वर्मा, सुखराम राजभर, कन्हैया लाल राजभर, फागू लाल राजभर, राम दिनेश राजभर सहित राजभर समुदाय के काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### शिक्षामित्रों में खुशी, मनाया जश्न

**पूराबाजार, अमृत विचार :** शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि की घोषणा पर पूरा बाजार क्षेत्र के शिक्षामित्रों में खुशी की लहर है। शुक्रवार को प्राथमिक शिक्षामित्र संघ पूरा बाजार के पदाधिकारियों एवं शिक्षामित्रों ने खंड शिक्षा अधिकारी पूरा रयाजुद्दीन को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। सरकार के प्रति आभार जताया। इस दौरान शिक्षामित्र संघ पूरा बाजार के अध्यक्ष विजय कुमार, संरक्षक विनय मिश्रा ने कहा कि लंबे समय से शिक्षामित्र मानदेय वृद्धि की मांग कर रहे थे। शिक्षामित्रों ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। सुरेंद्र कुमार, चंद्र प्रकाश, संतोष पांडेय, कृष्ण चंद्र, लाल बहादुर, मानिकराम, नीलम यादव आदि शिक्षामित्र मौजूद थे।

### भाकियू की मासिक पंचायत, ज्ञापन सौंपा

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** किसानों की आठ सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत तारुन ब्लाक के सामने शनिवार को हुई। महिला विंग की ब्लॉक अध्यक्ष आरती वर्मा की अध्यक्षता व प्रचार मंत्री कन्हैया लाल के संचालन में आयोजित पंचायत में आंधी तूफान में टूटे विद्युत तार अविलंब लगाये जाने तथा संगठन कार्यकर्ता हरीराम मौर्य, सराय रघुनाथ के गिरे विद्युत पोल को अविलंब ठीक करने समेत अन्य मांग शामिल रही। तारुन थाने के प्रभारी देवेन्द्र पाण्डेय ने ज्ञापन लिया। संगठन के प्रदेश सचिव श्रीराम वर्मा, संतोष कुमार, कन्हैया लाल, गया सिंह, हरी राम मौर्या, रीना अनारकली समेत अन्य मौजूद रहे।

# चाकू दिखा छात्रा का अपहरण, गैंगरेप, आरोपी गिरफ्तार

## थाना पूराकलंदर क्षेत्र स्थित एक गांव के वैवाहिक कार्यक्रम में गई थी पीड़िता | जबरन स्कूटी पर बैठाकर किया अपहरण

**मसौधा, अयोध्या।**

**अमृत विचार :** शादी समारोह में गई 11 वर्षीय एक बालिका के साथ पड़ोसी गांव के दो युवकों ने चाकू दिखाकर अपहरण कर गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़िता गांव के निकट एक विद्यालय की कक्षा छह की छात्रा है। परिवारीजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, अपहरण व दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज किया है। जांच के दौरान दोनों आरोपियों की पहचान होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।




- सुनसान स्थल पर की वारदात
- एफआईआर दर्ज, पड़ोसी गांव के हैं दोनो आरोपी

घटना थाना पूराकलंदर क्षेत्र स्थित एक गांव की है। गांव निवासी करीब 11 वर्षीय छात्रा गुरुवार को अपनी सहेलियों के साथ गांव में आयोजित एक वैवाहिक समारोह में गई थी। उसके पिता के अनुसार देर शाम करीब आठ बजे वह चाट खाने के बाद पंडाल के बाहर लगे स्टाल पर पानी पीने गई थी। इस दौरान स्कूटी सवार दो अज्ञात युवक आए वह उसे जबरन गाड़ी उठा ले गए। आरोप है कि दोनों उसे चाकू की नोंक पर गांव की बड़ी नहर होते हुए सुनसान व खाली पड़े खेत के पास ले गए। वहां एक प्लॉट के बुनियादी ढांचे पर लेटाकर दोनों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। बच्ची द्वारा चिल्लाने पर उसे चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी भी देते रहे। इसके बाद उसे छोड़कर भाग गए। रात करीब 9:30 बजे बच्ची किसी तरह घर पहुंची तो वह बेहोशी की हालत में थी। थोड़ा होश आने पर उसने आपबीती बताई। पीड़िता के अनुसार वह दोनों को पहचान नहीं पाई, लेकिन उसने बताया कि इस दौरान एक युवक दूसरे को शेरू कहकर बुला रहा था। पड़ोसी गांव के होने की बात भी कर रहा था। शुक्रवार को थाने में इसकी लिखित शिकायत की गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान शेरू (24) नाम के युवक की तलाश शुरू की गई तो वह पीड़िता के पड़ोसी गांव का निकला। पुलिस ने उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया। सख्ती से पूछताछ के दौरान उसने घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की व अपने साथी की पहचान मुकेश कुमार (22) के रूप में कराई। इसके बाद पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया।

### आरोपियों को लेकर गांव पहुंची पुलिस

शनिवार को एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी, प्रशिक्षु आईपीएस शुभम जैन, थाना प्रभारी पूराकलंदर मनोज कुमार शर्मा व फॉरेंसिक टीम दोनों आरोपियों को लेकर घटनास्थल पहुंची व जांच पड़ताल की। घटनास्थल की बारीकी से जांचकर साक्ष्य संकलन किया गया। वहीं, पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया है। रिपोर्ट स्पष्ट न होने के कारण विधि विज्ञान प्रयोगशाला से राय मांगी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। सीओ अयोध्या ने बताया कि केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## मतगणना में शिक्षकों पर बढ़ा दबाव, दिक्कतें

**अयोध्या, अमृत विचार :** जनगणना 2027 के तहत चल रही ऑनलाइन स्वगणना का बोझ अब परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों पर आ गया है। पोर्टल पर हर स्कूल को 15 मई तक 100 मकानों की स्वगणना का लक्ष्य दिया गया है। शिक्षकों का कहना है कि व्यवहार में उनसे फील्ड वर्क का दबाव बनाया जा रहा है। इसी के चलते तकनीकी दिक्कतें मुसीबत बन गई है। शिक्षक संगठनों ने डीएम से मिलकर अतिरिक्त कार्यभार वापस लेने की मांग की है। बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद ने बताया कि जिला प्रशासन से मार्गदर्शन लिया जा रहा है। सभी शिक्षकों का सहयोग मिल रहा है।

# अफसरों को रोका गया वेतन, 100 फीसदी असंतुष्ट मिले शिकायती

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार:** जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण की जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने समीक्षा की। समीक्षा अप्रैल महीने की शिकायतों की थी। 23 अधिकारियों से आईजीआरएस या सीएम हेल्पलाइन के निस्तारित प्रकरणों में आवेदक सौ फीसदी असंतुष्ट मिले। आवेदकों से संपर्क का प्रतिशत भी अत्यधिक कम मिला। डीएम ने नाराजगी जताई। निस्तारण में अपेक्षित रूचि नहीं ली जा रही है।

- जनसुनवाई पोर्टल की शिकायतों की समीक्षा

जिलाधिकारी ने खान निरीक्षक, सम्पत्ति प्रबन्धक, उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन, सहायक निदेशक मत्स्य विभाग, प्रधानाचार्य प्राविधिक शिक्षा अयोध्या, सहायक विकास अधिकारी पंचायत अमानीगंज, बाल विकास परियोजना अधिकारी तारून, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, प्रधानाचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अयोध्या, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा, खण्ड विकास अधिकारी मया बाजार, सहायक विकास अधिकारी पंचायत मवई, तहसीलदार बीकापुर, प्रबन्धक दुग्ध विकास विभाग, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, पशु चिकित्साधिकारी अमानीगंज, पशु चिकित्साधिकारी सोहावल, उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर, खण्ड विकास अधिकारी सोहावल, बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी पूराबाजार, खण्ड शिक्षा अधिकारी बीकापुर एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी पूराबाजार अयोध्या का आई जीआरएस या सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त सन्दर्भों के निस्तारण पर आवेदकों से फीडबैक लिया गया। सौ फीसदी आवेदक असंतुष्ट मिले। आवेदकों से 90 फीसदी से कम संपर्क किये जाने के इन अधिकारियों का माह मई, का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाधित किया गया है।

## कोटेदार चयन बैठक में हंगामा, रिपोर्ट

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार:** रौनाही थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोटडीह सरैया में कोटेदार चयन के लिए आयोजित खुली बैठक में हंगामा, कार्रवाई रजिस्टर फाड़ देने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामला ग्राम प्रधान की तहरीर पर दर्ज किया गया है। सात मई को कोटा चयन के लिए खुली बैठक आयोजित की गई थी। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में चयन प्रक्रिया चल रही थी। आरोप है कि दोपहर करीब दो बजे गांव के ही देव कुमार पुत्र स्व. भारतेंदु, अमित तिवारी, अजय तिवारी और आशुतोष तिवारी ने बैठक स्थल पर पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। तहरीर में आरोप है कि आरोपितों ने सरकारी कार्रवाई रजिस्टर को फाड़कर फेंक दिया। मौके पर मौजूद लोगों को धमकाते हुए चयन प्रक्रिया बाधित करने का प्रयास किया। घटना से बैठक स्थल पर कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्राम प्रधान राजेश तिवारी की शिकायत पर रौनाही थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी लालचंद सरोज ने बताया कि प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक देवेंद्र नाथ राय को सौंपी गई है। जांच के आधार पर आगे आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# दिव्यांग शिवानी ने पैरों से लिख पास की 12वीं की परीक्षा

**मवई, अयोध्या**

**अमृत विचार :** हौसले के आगे शारीरिक अक्षमता भी हार जाती है। यह साबित किया है रुदौली नगर पालिका के महर्षि वाल्मीकि वार्ड निवासी शिवानी राजपूत ने। दोनों हाथों से दिव्यांग होने के बावजूद शिवानी ने पैरों से लिखकर इंटरमीडिएट परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



दिव्यांग छात्रा शिवानी के घर पहुँचकर हौसला अफजाई करते विधायक रामचंद्र यादव।

जीजीआईसी रुदौली की छात्रा शिवानी पुत्री धर्मराज लोधी ने अपनी मेहनत और जिद के दम पर सफलता पाई है। बिना हाथों के पैरों के सहारे कॉपी पर जवाब लिखने वाली शिवानी का सपना सिविल सर्विस में जाने का है। छात्रा की इस उपलब्धि पर रुदौली विधायक रामचंद्र यादव शिवानी के घर पहुंचे और उसका उत्साहवर्धन किया। विधायक ने कहा शिवानी की लगन पूरे समाज के लिए प्रेरणा है। उसकी आगे की पढ़ाई में हर संभव मदद की जाएगी।उन्होंने कहा श्री कृष्णा आरटीएस कॉलेज नरौली में शिवानी का दाखिला कराया जाएगा। सिविल सेवा की बेहतर तैयारी के लिए कोचिंग की व्यवस्था कराई जाएगी। सभासद कुलदीप सोनकर, भाजपा नगर अध्यक्ष रामराज लोधी, राज किशोर सिंह, सभासद आशीष वैश्य, सचिन कसौधन समेत कई लोग मौजूद रहे।

# 53 घंटे बाद मिला एक का शव, दो की तलाश जारी

**अयोध्या कार्यालय।**

- गुरुवार को सरयू में डूबे थे तीनों, बालू घाट के पास मिला शव

**अमृत विचार :** सरयू नदी में डूबे तीन युवकों में एक युवक का शव करीब 53 घंटे बाद घटनास्थल से करीब डेढ़ किमी दूर बालू घाट के पास नदी में उतराता मिला। रेस्क्यू कर रही टीम ने शव को बाहर निकाला। परिवारीजनों ने शव की पहचान राज गुप्ता (19) पुत्र राजीव गुप्ता निवासी मंगल बाजार थाना पुरानी बस्ती जिला बस्ती के रूप में हुई। शेष दोनों युवकों की तलाश में जल पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व गोताखोरों की टीम लगी हुई है।



राज गुप्ता (फाइल फोटो)

ध्यान रहे कि गुरुवार को बस्ती जिले के मंगल बाजार निवासी पांच युवक एक दोस्त का जन्मदिन मनाने अयोध्या आए थे। सुबह करीब छह बजे कोतवाली अयोध्या के चौकी लक्ष्मण घाट क्षेत्र स्थित सरयू नदी में स्नान के लिए प्रतिबंधित स्थान पर स्नान करने गए। इस दौरान अभिषेक (20), राज (19) व अमित (20) नदी में स्नान करने के लिए उतरे, जैसे ही कुछ आगे बढ़े तो तो गहरे पानी में जाने से डूब गए। घटना के तीसरे दिन शनिवार की सुबह करीब 11:30 बजे टीम को सूचना मिली कि नए सरयू पुल के आगे बालू घाट पर एक शव नदी में उतरा रहा है। शव को बाहर निकाला। मौजूद तीनों युवकों के परिवारीजनों ने शव की पहचान राज गुप्ता के रूप में की। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि अन्य दोनों की तलाश में टीमें रेसक्यू कर रहीं हैं।

### विधायक ने लोकार्पित किया शहीद के नाम का स्मृति द्वार




**सोहावल, अमृत विचार :** भारत–पाकिस्तान के साल 1965 के युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए वीर चक्र विजेता हवलदार शहीद देवी प्रकाश सिंह के सम्मान में बीकापुर विधायक डॉ अमित सिंह चौहान ने शहीद द्वार बनवा कर सम्मान बढ़ाया। विधायक ने अपनी निधि से बसहा रतनपुर चौराहा पर शहीद स्मारक के पास शहीद द्वार बनवाया। बीती 20 जुलाई को रतनपुर चौराहा पर बस स्टाप सेवा का शुभारंभ करते हुए प्रदेश से परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, विधायक डॉ अमित सिंह चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय खुन्नू आदि के बीच शहीद की पत्नी वीर नारी फूलपती देवी की मौजूदगी में इसकी घोषणा की गई थी। शनिवार को महाराणा प्रताप की जयंती पर बीकापुर विधायक ने लोकार्पित किया। वीर नारी फूलपती देवी, शहीद के भतीजे राम अचल सिंह, राम प्रताप सिंह, भानु प्रताप सिंह, आशीष सिंह उर्फ पंकज सिंह विपिन सिंह, सनी सिंह, धर्मपाल सिंह आदि मौजूद थे।

# मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कार्यदायी संस्था के साथ बाउंड्री वॉल निर्माण, ट्रस्ट भवन, ऑडिटोरियम और अतिथि गृह के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। परिसर में 18 मंदिरों के निर्माण का कार्य संपन्न होने के बाद यात्री सुविधा, पेयजल, सीवर समेत 9 अन्य निर्माण के कार्य को भी संपन्न कर ट्रस्ट को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है।

शनिवार को निर्माण समिति के दो दिवसीय बैठक के पहले दिन परिसर में चल रहे निर्माण पर समीक्षा किया गया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा ने बताया कि बैठक के पहले दिन अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने निर्माण संस्था के साथ परिसर के विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया है। वहीं राम मंदिर के दर्शन क्षेत्र की सुरक्षा को देखते हुए परिसर में दो हिस्सों में विभक्त किया गया है। पहला हिस्सा राम मंदिर के साथ सप्त मंडपम, शेषावतार मंदिर एवं कुबेर टीला का है। इसके विपरीत दूसरा हिस्सा पंचवटी को शामिल करते हुए प्रेक्षागृह एवं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के एकीकृत कार्यालय व विश्राम गृह का है।



राम मंदिर की भव्य तस्वीर।

जल जीवन मिशन | जिले में स्थापित सेंटर में 550 से अधिक कारीगरों को मिला तकनीकी प्रशिक्षण

# प्रदेश का पहला स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित

**अयोध्या का कौशल विकास केंद्र बना मिसाल, महिलाओं को भी मिल रहा तकनीकी रोजगार**

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार:** अयोध्या जल जीवन मिशन के कुशल कार्यान्वयन और कौशल विकास का अनूठा मॉडल बनकर उभरा है। यहां जल जीवन मिशन का प्रदेश का पहला स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित हुआ है। कारीगरों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक 550 से अधिक कारीगरों को दक्ष बनाया जा चुका है, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं।



सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त करते कारीगर। अमृत विचार

उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) अयोध्या के द्वारा विकास खंड रुदौली के मुजफ्फरपुर-जलालपुर पेयजल योजना परिसर में स्थापित यह कौशल विकास केंद्र अपनी तरह का पहला और एकमात्र प्रशिक्षण केंद्र है। केंद्र में फिटर, प्लम्बर, मिस्त्री (मेसन) और इलेक्ट्रीशियन जैसे ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रमुख विषयों में पाइप फिटिंग एवं अलाइनमेंट की उन्नत तकनीक, प्लम्बिंग संस्थापन, रिसाव नियंत्रण, ओवरहेड टैंक एवं अन्य संरचनाओं का राजमिस्त्री कार्य, सुरक्षा अभ्यास तथा गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य प्रक्रिया शामिल हैं। अब तक 22 प्रशिक्षण बैच पूरे हो चुके हैं, जिनमें प्रत्येक बैच में 25 प्रतिभागी शामिल रहे। इन प्रशिक्षित कारीगरों का लाभ न केवल अयोध्या बल्कि सुल्तानपुर और देवरिया जनपदों की जल जीवन मिशन परियोजनाओं को भी मिल रहा है।

### महिलाएं पंप ऑपरेटर के रूप में प्रशिक्षित

केंद्र की सबसे सराहनीय पहल महिला भागीदारी को बढ़ावा देना है। अब तक 10 महिलाओं को पंप ऑपरेटर के रूप में प्रशिक्षित कर अयोध्या की विभिन्न पेयजल योजनाओं पर तैनात किया जा चुका है। ये महिला ऑपरेटर अपने गांवों में जलापूर्ति प्रणाली का कुशल संचालन कर रही हैं।

### आत्मनिर्भर कार्यबल तैयार करने की ठोस पहल

जल निगम अयोध्या (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता अरविंद यादव ने बताया कि यह केंद्र मात्र प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में दक्ष, सुरक्षा–जागरूक और आत्मनिर्भर कार्यबल तैयार करने की ठोस पहल है। अयोध्या का यह कौशल विकास केंद्र जल जीवन मिशन को मजबूती प्रदान करने के साथ–साथ गुणवत्ता, सुरक्षा और स्थानीय सशक्तीकरण का उत्कृष्ट उदाहरण बन गया है।

# रेलवे परमिशन की आड़ में अवैध मिट्टी खनन

**शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली क्षेत्र में रेलवे परमिशन की आड़ में अवैध मिट्टी खनन का बड़ा खेल सामने आ रहा है। शुजागंज क्षेत्र के अहमदाबाद गांव से मशीनों द्वारा बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन कर डंफरों के जरिए भेलसर तालाब में डंप की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे कार्य के नाम पर अनुमति ली गई है, लेकिन मिट्टी रेलवे परियोजना में न गिराकर दूसरी जगहों पर डाली जा रही है। सूत्रों के अनुसार 8 से 25 तारीख तक मिट्टी खनन की परमिशन बताई जा रही है। हालांकि जिस उद्देश्य के लिए अनुमति ली गई, उसी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्र में लगातार चल रहे डंफरों और मशीनों से लोगों में नाराजगी भी बढ़ती जा रही है। उप जिलाधिकारी रुदौली संतोष कुमार ने कहा कि यदि रेलवे परमिशन की आड़ में कहीं और मिट्टी डंप की जा रही है और अनियमितता पाई जाती है तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।




रुदौली के अहमदाबाद गांव से मिट्टी लेकर भेलसर तालाब की ओर जाते डंफर।

# लोक अदालत में 85350 मुकदमों का निस्तारण

अयोध्या कार्यालय



राष्ट्रीय लोक अदालत में मौजूद जिला जज रणंजय वर्मा, बार अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र व न्यायिक अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** शनिवार को दीवानी न्यायालय प्रांगण में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में ऐतिहासिक 85350 मुकदमों का निस्तारण हुआ। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ वृहद राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जिलाजज रणंजय कुमार ने किया। इस समय अपर जिला जज/नोडल अधिकारी दीपक यादव भी मौजूद थे।

जिला जज ने कहा कि लोक अदालत की मूल भावना में लोक कल्याण की भावना समाहित है। सुलह समझौता के दौरान सभी का मान, सभी का सम्मान, सभी को न्याय मिले इसका ध्यान रखा जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखकर आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से वादों को निस्तारित कराया जाता है। इतिहास में दर्ज है कि सदियों पहले जब अदालतें नहीं हुआ करती थी। तब दो पक्षों के आपसी मतभेद को सुलह-समझौता के माध्यम से समाज के गणमान्य व्यक्ति एक निर्धारित स्थल पर बैठकर दोनों पक्षों की बात सुनकर यह निर्णय लेते थे कि दोनों पक्षों का हित किसमें है। इसी को देखते हुए सुलह-समझौता कराते थे और समाज में इसके सार्थक परिणाम भी दिखाई पड़ते थे। लोक कल्याण की भावना से ओत-प्रोत उसी स्वरूप को उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय द्वारा विस्तार रूप देते हुए एक स्थल, एक मंच पर बहुत सारे वादों को सुलह-समझौता के आधार पर समाप्त कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित कराने के निर्देश दिये जाते हैं।

● **दोनों पक्षों का हित देखती है लोक अदालत: जिला जज**

प्रिया सक्सेना सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 85350 वादों को निस्तारित किया गया एवं कुल समझौता राशि मु. 121980954 रही, जिसमें पीठासीन अधिकारी (वर्चुअल कोर्ट) निवेदिता सिंह ने अथक प्रयास करते हुए 35459 वादों का निस्तारण किया। उनके द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन में अत्यंत सराहनीय कार्य किया गया है। रविकांत न्यायाधीश मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण द्वारा कुल 105 केस निस्तारण हेतु नियत थे, जिसमें से कुल 85 वाद निस्तारित किये गये, जिस पर कुल 6,51,19,807/- रू0 की धनराशि क्षतिपूर्ति निर्धारित की गयी। बैंक रिकवरी से संबन्धित 683 प्री-लिटिगेशन वाद निस्तारित किये गये तथा बैंक संबन्धित ऋण मु0- 4,64,21,488/- रू0 का सेटेलमेंट किया गया, जो विगत लोक अदालत की तुलना में अधिक है। यह एलडीएम गणेश सिंह यादव द्वारा उठाया गया सराहनीय कदम है।

पारिवारिक विवाद से सम्बन्धित 57 मुकदमों को निस्तारित किया गया है, जिसमें कई पुराने वाद निस्तारित किये गये। वाणिज्यिक न्यायालय से सम्बन्धित 02 मुकदमों को निस्तारित किया गया जिसमें 53,92,833 रुपए सेटेलमेंट किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 4510 वाद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम द्वारा 2086 वादों का निस्तारण किया गया जो विगत लोक अदालत की तुलना में अधिक वाद निस्तारित किया गया है। राजस्व मामलों से संबन्धित 30996 वाद विभिन्न राजस्व न्यायालय द्वारा निस्तारित किये गये।



मातृ दिवस कार्यक्रम में महिला उपनिरीक्षक प्रिया मिश्रा को तिलक लगाकर सम्मानित करती शिक्षिका शिप्रा रस्तोगी।

## एमजेएस अकादमी में मातृ दिवस का आयोजन

**मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार :** एमजेएस अकादमी में शनिवार को मातृ दिवस समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बच्चों, माताओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मुख्य अतिथि महिला उपनिरीक्षक प्रिया मिश्रा थाना पूराकलंदर रहीं। विद्यालय परिवार ने उनका भव्य स्वागत किया। शुभारंभ नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक स्वागत गीत व नृत्य से की। कार्यक्रम में कागजी कप खेल, बाल बैलन्स खेल, पेपर डॉस खेल, हिंदी लोकोक्ति पूर्ति प्रतियोगिता, अपने बच्चे को पहचानो प्रतियोगिता, सामूहिक गीत एवं म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम को सफलता में शिक्षिकाओं एवं शिक्षकों अंजु, महिमा, शिप्रा, अंकिता, अंकुशा, अनुष्का, निधि, डिंपल, कोमल, रागिनी, अमर सागर एवं स्वीटी का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के निदेशक अजय सिंह ने कहा कि मां का स्थान संसार में सर्वोच्च होता है। हमें प्रतिदिन अपनी मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए। तहसीन अंजुम ने प्रतियोगिताओं का परिणाम घोषित किया। श्रीमती को सुपर मॉम और फरा बानो को उपविजेता मॉम घोषित किया गया। सभी अभिभावकों एवं माताओं ने कार्यक्रम की सराहना की।

# जिले में पहली बार दूरबीन विधि से हुआ घुटने के लिगामेंट का नवनिर्माण

अयोध्या कार्यालय



सर्जरी के उपरांत चिकित्सकों की टीम।

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज ने चिकित्सा इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यहां पहली बार आर्थोस्कोपिक एसीएल रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी (दूरबीन विधि द्वारा घुटने के लिगामेंट का नवनिर्माण) सफलतापूर्वक की गई।

33 वर्षीय जय करन राव, पुत्र दिग्विजय राव, निवासी देवरिया को पिछले तीन वर्षों से दाहिने घुटने की एसीएल चोट की समस्या थी। इस जटिल सर्जरी को अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. जयदीप पटेल की अगुवाई में उनकी अनुभवी टीम ने संपन्न किया। एनेस्थीसिया टीम का नेतृत्व डॉ. जयप्रकाश तिवारी और डॉ. अलीशा सिंह ने किया। सर्जरी के दौरान डॉ. विवेक राव, डॉ. किरभू करन सहित पूरी टीम मौजूद रही। यह संपूर्ण प्रक्रिया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह मर्तोलिया और वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद कुमार आर्या के मार्गदर्शन में हुई। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह मर्तोलिया ने कहा यह हमारे संस्थान के लिए गौरव का क्षण है। पहली बार आर्थोस्कोपिक तकनीक से एसीएल सर्जरी सफल हुई। यह हमारे डॉक्टरों की विशेषज्ञता, समर्पण और टीम वर्क का परिणाम है। अब मरीजों को आधुनिक इलाज के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। डॉ. जयदीप पटेल ने बताया कि अब क्षेत्र के मरीजों को घुटना प्रत्यारोपण, कूल्हा प्रत्यारोपण जैसी जटिल सर्जरियों के लिए बड़े शहरों की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी।

## विद्यार्थियों ने सीखी भारतीय चित्रण परंपरा

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग एवं राज्य ललित कला अकादमी, संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन चित्रकला कार्यशाला के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं ने कला की पारंपरिक तकनीकों का गहन अभ्यास किया। संयोजक डॉ. सरिता द्विवेदी ने बताया कि प्रतिभागी अत्यंत उत्साह के साथ नई विधाएं सीख रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के अंतिम दिन छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित उत्कृष्ट कलाकृतियों की एक भव्य प्रदर्शनी विभाग में आयोजित की जाएगी। प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा किया कि कार्यशाला की सबसे बेहतरीन कलाकृतियों के लिए जूनियर तथा सीनियर, दोनों वर्गों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यशाला के मुख्य सत्र की प्रशिक्षक डॉ. रीमा सिंह ललित कला विभाग ने विद्यार्थियों को भारतीय चित्रण परंपरा के विशिष्ट पहलुओं से परिचित कराया। डॉ. रीमा ने प्रयोगात्मक प्रशिक्षण (डेमोस्ट्रेशन) के माध्यम से 'अबीना' पद्धति (सूखे कागज पर जल से रेखांकन) और 'खाका तैयार करने की विधि (जलीय रेखाओं के आधार पर हल्के लाल रंग से अंकन) सिखाई। साथ ही, तकनीकी सत्र में विद्यार्थियों को ड्राई पेस्टल' रंगों के प्रभावी प्रयोग और उनकी बारीकियों से भी परिचित कराया गया।

# वृद्धाश्रम पहुंचे इंजीनियर सुनील बुजुर्गों संग बैठकर किया भोजन

संवाददाता, आजमगढ़।



वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों से मिलते समाजसेवी इंजीनियर सुनील कुमार यादव।

**अमृत विचार :** फरिहा स्थित वृद्धाश्रम में शनिवार को भावुक कर देने वाला दृश्य देखने को मिला। समाजसेवी एवं उद्यमी इंजीनियर सुनील कुमार यादव वृद्धाश्रम पहुंचे और वहां रह रहे बुजुर्गों के बीच समय बिताया। उन्होंने बुजुर्गों का हालचाल जाना, उनके साथ बैठकर भोजन किया और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इंजीनियर सुनील कुमार यादव ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से आत्मीयता से बातचीत की। इस दौरान कई बुजुर्ग भावुक हो उठे। उन्होंने अपने हाथों से बुजुर्गों को भोजन कराया और खुद भी उनके साथ बैठकर भोजन किया।

उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा करना हर संतान का पहला कर्तव्य है। लगातार बढ़ते वृद्धाश्रम इस बात का संकेत हैं कि समाज अपने नैतिक मूल्यों से दूर होता जा रहा है। जिन माता-पिता ने बच्चों को पाल-पोसकर बड़ा किया, आज वही बुजुर्ग अपने ही परिवार से दूर रहने को मजबूर हैं। सुनील यादव ने कहा कि आज बुजुर्गों को सबसे ज्यादा सहारे और सम्मान की जरूरत है। ऐसे समय में उन्हें अकेला छोड़ देना मानवता के खिलाफ है।



मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को उनके हक के बारे में जानाकारी देतीं महिला पुलिसकर्मी।

## महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से जनपद में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो अभियान के तहत विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने बाजारों, शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। पुलिस टीमों द्वारा महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1930, 1098, 108, 102 और 101 की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीडऩ, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा व आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही साइबर अपराध से बचाव के उपायों के बारे में भी जागरूक किया। कोतवाली अकबरपुर क्षेत्र में उपनिरीक्षक मीनू एवं एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। महिला थाना टीम द्वारा महिला अधिकारों, सुरक्षा कानूनों एवं सहायता सेवाओं की जानकारी दी।

## इलाज में लापरवाही से महिला की मौत, आरोपी चिकित्सक गिरफ्तार

**संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार :** जिले के बरदह थाना क्षेत्र में इलाज के दौरान महिला की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी चिकित्सक को गिरफ्तार कर लिया। परिजनों ने चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही बरतने और हालत बिगड़ने के बावजूद बड़े अस्पताल रेफर न करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को न्यायालय भेज दिया। खम्हौली गांव निवासी सुरेन्द्र बिन्द के अनुसार उनकी पत्नी पूनम बिन्द (32) के पेट में अचानक तेज दर्द उठा था। परिजन उन्हें मुक्तिपुर स्थित एक निजी क्लीनिक पर ले गए, जहां डॉ. चन्द्रसेन यादव उपचार कर रहे थे। आरोप है कि महिला की हालत बिगड़ने के बावजूद डॉक्टर ने उन्हें कहीं और रेफर नहीं किया और क्लीनिक पर ही इलाज चलता रहा। कुछ देर बाद महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश फैल गया। सुरेन्द्र बिन्द की तहरीर पर बरदह थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने शनिवार को आरोपी डॉ. चन्द्रसेन यादव निवासी कदनापुर थाना दीदारगंज को सरायमोहन तिराहे से गिरफ्तार कर लिया।

# रिश्वत मांगने पर उपनिरीक्षक परमात्मा यादव पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, आजमगढ़।

**अमृत विचार :** जिले के निजामाबाद थाना क्षेत्र स्थित फरिहा पुलिस चौकी पर तैनात उपनिरीक्षक परमात्मा यादव के खिलाफ रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप में मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। आरोप है कि उपनिरीक्षक ने एक पीड़ित से कार्रवाई के नाम पर 10 हजार की रिश्वत की मांग की थी। मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों तक पहुंचने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने तत्काल जांच के निर्देश दिए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच क्षेत्राधिकारी सदर (सीओ सदर) को सौंपी गई।

जांच के दौरान पीड़ित के आरोपों और उपलब्ध तथ्यों को गंभीरता से लिया गया। जांच रिपोर्ट में प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने के बाद पीड़ित की तहरीर के आधार पर निजामाबाद थाने में आरोपी उपनिरीक्षक परमात्मा यादव के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। बताया जा रहा है कि परमात्मा यादव पिछले करीब पांच वर्षों से फरिहा पुलिस चौकी पर तैनात थे। वह पहले सिपाही पद पर कार्यरत थे और बाद में पदोन्नति पाकर उपनिरीक्षक बने थे। लंबे समय से एक ही चौकी पर तैनाती को लेकर भी स्थानीय स्तर पर चर्चाएं होती रही थीं। सूत्रों के मुताबिक एक दिन पूर्व ही उनका तबादला बिलरियागंज थाना क्षेत्र में किया गया था, लेकिन नए स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने से पहले ही उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया। पूरे मामले के सामने आने के बाद पुलिस विभाग में हलचल तेज हो गई है। स्थानीय लोगों के बीच भी इस कार्रवाई को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

## बूथ स्तर तक पहुंचकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं : कपिल देव वर्मा



जीवत मंडल की कार्यसमिति बैठक में मौजूद पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कपित देव वर्मा।

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल बूथ स्तर पर ही चुनाव जीतता और हारता है। वर्ष 2027 में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को बूथ-बूथ जाकर आम मतदाताओं से संपर्क करना होगा और उन्हें पार्टी की रीति-नीतियों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना होगा। वह जीवत मंडल की कार्यसमिति बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत की साख बढ़ी है। जब विश्व के कई देशों में संघर्ष और अस्थिरता का माहौल है, उस समय भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जो सभी देशवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वह घर-घर जाकर लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दें। साथ ही यदि किसी क्षेत्र में कोई समस्या हो तो उससे पार्टी पदाधिकारियों और सरकार को अवगत कराएं, ताकि उसका समाधान कराया जा सके। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सरिता निषाद ने की, जबकि संचालन महामंत्री विपिन कनौजिया ने किया। बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री किसान मोर्चा अवध क्षेत्र रमापति मौर्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक एवं पार्टीजन उपस्थित रहे।

## दो अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार :** शासन द्वारा 10 शिक्षकों के वेतन भुगतान पर रोक लगाए जाने के बावजूद भुगतान किए जाने के मामले में डिप्टी डायरेक्टर समाज कल्याण की तहरीर पर नगर कोतवाली में जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी और पटल सहायक सत्येंद्र बहादुर सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बता दें कि शिकायतकर्ता अरुण कुमार सिंह ने बीते 20 फरवरी को शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया था कि समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा शासकीय धन का दुरुपयोग किया गया। आरोप था कि जिन सहायक अध्यापकों की नियुक्तियां शासनादेश के विपरीत थीं और जिनके वेतन पर शासन स्तर से रोक लगाई जा चुकी थी, उन्हें भी विभागीय मिलीभगत से भुगतान कर दिया गया। मंडलायुक्त के निर्देश पर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने सीडीओ की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की थी। जांच में कुल 10 अध्यापकों को लगभग 51.46 लाख रुपये का अनियमित भुगतान किए जाने की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि इन मामलों से जुड़े कई प्रकरण पूर्व में उच्च न्यायालय में विचाराधीन रह चुके हैं। जिलाधिकारी द्वारा जांच रिपोर्ट शासन को भेजे जाने के बाद डीडी समाज कल्याण ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। सीओ सिटी शुभम तोदी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग के अधिकारी की तहरीर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी और पटल सहायक सत्येंद्र बहादुर सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## महाराणा प्रताप की मनाई गई जयंती


**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में शनिवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। जिला पंचायत परिषद परिसर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जनपद भर से हजारों लोग शामिल हुए, जिन्होंने महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को याद किया। कार्यक्रम के संरक्षक लाल बिहारी सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि भारतीय अस्मिता और स्वाभिमान के प्रतीक थे। अध्यक्ष हवलदार सिंह ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए युवाओं से महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि विजय प्रताप सिंह ने महाराणा प्रताप के जीवन को संघर्ष, त्याग और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत उदाहरण बताया है। कार्यक्रम के संयोजक सूर्यभान सिंह और सुधीर सिंह मिंटू भैया ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कटका थाना पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट से जुड़े मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। एसओ कटका अवधेश श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र के एक किशोरी के साथ यौन शोषण व पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त रविन्दर निवासी गोविन्दपुर थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़ को शनिवार सुबह अमड़ी शिवाला के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजवीर सिंह यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# शिकायतों के निस्तारण में बरतें पारदर्शिता

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



फरियादियों की शिकायतें सुनतीं जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह।

**थाना समाधान दिवस**

**अमृत विचार।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने थाना टांडा पहुंचकर आमजन की समस्याएं गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनीं। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने फरियादियों से सीधे संवाद कर उनकी शिकायतों की जानकारी प्राप्त किया तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए।

डीएम ने राजस्व, पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि विशेष रूप से भूमि विवाद से संबंधित प्रकरणों का राजस्व एवं पुलिस विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर मौके पर जाकर नियमानुसार, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। थाना समाधान दिवस के दौरान प्राप्त विभिन्न प्रार्थना पत्रों के संबंध में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीमों को मौके पर भेजकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी टांडाए क्षेत्राधिकारी टांडाए तहसीलदार टांडा सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खाद्य विभाग ने दुकानों पर की छापेमारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



खाद्य पदार्थों की जांच करते सहायक आयुक्त श्रवण कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण किया। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश तथा उच्चाधिकारियों के निर्देश पर संबंधित तहसीलों में तहसीलदारों के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

● **34 नमूने जांच को भेजे गए, 298 लीटर तेल जब्त**

अभियान के दौरान विभिन्न दुकानों एवं प्रतिष्ठानों से खाद्य तेल और घी के कुल 34 नमूने संग्रहित कर जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला आगरा भेजे गए। वहीं बसखारी बाजार स्थित दादू किराना स्टोर पर कार्रवाई करते हुए लगभग 298 लीटर रिफाइंड राइसब्रान ऑयल (सरसोना कड़वा एक्टिव ब्रांड) को नियमानुसार जब्त किया गया। जब्त तेल की अनुमानित कीमत 36,489 रुपये बताई गई है।

निरीक्षण के दौरान अकबरपुर, जलालपुर, टांडा, बसखारी, आलापुर, रामनगर और भीटी क्षेत्र के कई प्रतिष्ठानों से सरसों तेल, रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, पामोलिन ऑयल, घी, तिल तेल, सनफ्लावर ऑयल और कोकोनट ऑयल समेत विभिन्न ब्रांडों के नमूने लिए गए। खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि नमूनों में अपमिश्रण अथवा मानकविहीनता पाई जाती है तो संबंधित खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**आयोजन** मोटर व्हीकल, राजस्व, बैंक और पारिवारिक मामलों समेत विभिन्न वादों का हुआ समाधान

# लोक अदालत में 1.28 लाख से अधिक वादों का निस्तारण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंकर्स से वादों के निस्तारण के बारे में जानकारी लेते जिला जज चंद्रोदय कुमार और साथ में अन्य न्यायिक अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर स्थित सभागार में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रोदय कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत अब्दुल कैय्यूम, अपर जिला जज प्रथम रामविलास सिंह, विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी अधिनियम एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत पवन कुमार शुक्ला तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिखा यादव सहित न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, बैंक अधिकारी, कर्मचारी एवं वादकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला उद्योग विभाग द्वारा एक जनपद एक उत्पाद एवं एक जनपद एक व्यंजन के तहत स्टॉल भी लगाए गए। जनपद न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार ने कहा कि सुलह-समझौते के माध्यम से मामलों का त्वरित निस्तारण कर न्यायालयों में लंबित मुकदमों का बोझ कम किया जा सकता है। उन्होंने प्री-लिटिगेशन मामलों के समाधान को भी अत्यंत उपयोगी बताया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 26 अदालतें लगाई गईं, जिनमें विभिन्न न्यायालयों द्वारा हजारों मामलों का निस्तारण किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा यादव ने सबसे अधिक 3160 मामलों का निस्तारण किया। वहीं अपर जिला जज तृतीय चिन्ताराम द्वारा 597, अपर सिविल जज नीलम वर्मा द्वारा 614 तथा सिविल जज टांडा आनन्द गुप्ता द्वारा 406 मामलों का निस्तारण किया गया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा 7 मामलों में 12 लाख 48 हजार 500 रुपये की क्षतिपूर्ति दिलाई गई। वहीं विभिन्न बैंकों द्वारा 458 मामलों में 3 करोड़ 40 लाख 9 हजार 130 रुपये का समझौता किया गया, जिसमें से 1 करोड़ 11 लाख 46 हजार 300 रुपये की तत्काल वसूली हुई।

## खरीफ के लिए नि:शुल्क बीज मिनीकिट वितरण शुरू

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में खरीफ के लिए मोटे अनाज और अरहर के निशुल्क बीज मिनीकिट का वितरण शुरू हो गया है। यह पहल उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार योजना के तहत की जा रही है, जिसका उद्देश्य जनपद में मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देना है। अपर कृषि निदेशक भूमि संरक्षण उप्र योजनाधिकारी उप्र मिलेट्स पुनरोद्धार योजना कृषि भवन लखनऊ द्वारा जनपद के लिए निशुल्क बीज मिनीकिट वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें संकुल ज्वार के 2 किग्रा, बाजरा 1 किग्रा, सावां 2 किग्रा, कोदो 3 किग्रा और रागी 3 किग्रा के बीज शामिल हैं। उप कृषि निदेशक डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि जनपद को श्रीअन्न मोटा अनाज के कुल 3 हजार 897 और अरहर के 909 मिनीकिट का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। किसानों को खरीफ 2026 में उन्नत मोटे अनाज के निशुल्क मिनीकिट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मिनीकिट प्राप्त करने के इच्छुक किसान 10 मई तक कृषि विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

अमृत विचार



# मंदबुद्धि युवक ने दिव्यांग बड़े भाई को डंडे से पीटकर मार डाला

## वारदात के बाद रात भर शव के साथ सोता रहा आरोपी, सुबह परिजनों को दी जानकारी

धानेपुर, गोंडा

**अमृत विचार :** धानेपुर थाना क्षेत्र के पृथ्वी पाल ग्रांट ग्राम पंचायत के महतोडीह मजरे में शुक्रवार देर मानसिक रूप से विक्षिप्त बताए जा रहे छोटे भाई ने अपने दिव्यांग व बड़े भाई की डंडे से पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी भाई शव के पास ही सो गया। सुबह परिवार के लोगों को घटना की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई।

बताया जाता है कि शुक्रवार देर रात करीब दो बजे विराट तिवारी (26) ने अपने बड़े भाई सुमित तिवारी (39) के सिर पर डंडे से हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से सुमित की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह जब परिजन जागे तो सुमित को मृत अवस्था में पाया।



घटनास्थल पर जांच करने पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

पूछताछ में विराट ने खुद ही हत्या की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद परिवार वालों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

सूचना मिलते ही धानेपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। सीओ सदर शिल्पा वर्मा ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

परिजनों के अनुसार मृतक सुमित तिवारी लगभग 90 प्रतिशत दृष्टिबाधित थे और मानसिक रूप से भी कमजोर थे। करीब दस वर्ष पहले उनकी शादी इटियाथोक क्षेत्र के एक गांव में हुई थी, लेकिन मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण शादी के एक वर्ष बाद ही पत्नी उन्हें छोड़कर चली गई थी। इसके बाद उनका दोबारा विवाह नहीं हुआ।

जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी विराट तिवारी भी मानसिक रूप से अस्वस्थ था और अक्सर राहगीरों पर ईंट-पत्थर फेंकता रहता था। ग्रामीण उसे विक्षिप्त समझकर नजरअंदाज कर देते थे। थानाध्यक्ष अरविंद यादव ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रथम दृष्टया दोनों भाइयों की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# मोबाइल चोर गिरोह का खुलासा, दो शातिर गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** आरपीएफ व जीआरपी की संयुक्त टीम ने गोण्डा जंक्शन पर कार्रवाई करते हुए चोरी के मोबाइल फोन के साथ दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 65 हजार रुपये कीमत के तीन एंड्राइड मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

संयुक्त टीम स्टेशन परिसर में निगरानी कर रही थी। इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर एक के पश्चिमी छोर पर दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए। पूछताछ और तलाशी लेने पर उनके पास से तीन एंड्राइड मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने गोण्डा रेलवे स्टेशन के आसपास चलती ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर सो रहे यात्रियों के मोबाइल चोरी किए थे। इसके बाद दोनों को हिरासत में लेकर थाना जीआरपी में मुकदमा दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नफीस निवासी महराजगंज उतरौला रोड थाना कोतवाली नगर गोंडा व मो. तोहिद निवासी कटहरिया चौक थाना कोतवाली नगर गोंडा के रूप में हुई है। आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक अनिरुद्ध राय ने बताया कि नफीस के खिलाफ पूर्व में भी चोरी का केस दर्ज होने की जानकारी मिली है।

## मोबाइल झपटने वाले दो शातिर हत्थे चढ़े

**गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली देहात पुलिस ने मोबाइल झपटमारी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन तथा एक 12 बोर तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक बीते 6 मई को तरबगंज के रामापुर दीनपुरवा निवासी बादशाह ने तहरीर देकर बताया था कि वह धानेपुर से ऑटो द्वारा गोण्डा आ रहा था। सुनवरसा चौराहे के पास बाइक सवार दो युवकों ने झपट्टा मारकर उसका मोबाइल फोन छीन लिया। पुलिस ने घटना में शामिल टिकरिया गांव निवासी अल्लारक्खा और दद्दू को गिरफ्तार कर लिया।

# तार काटने को लेकर युवक की पिटाई, केस

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** बिजली के तार काटने के विवाद को लेकर एक युवक से मारपीट जातिसूचक गालियां देने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

करौदी निवासी रंजीत कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव में बीते 4 मई की रात बिजली का तार टूटकर गिर गया था। प्रधान ने अगले दिन लाइनमैन को बुलाकर तार जुड़वा दिया था। उसी रात राजा बाबू यादव ने शराब के नशे में आकर बिजली का तार काट दिया। जिसे प्रधान द्वारा दोबारा तार जुड़वाया गया,जिसको लेकर आरोपी ने प्रधान व उनके पिता को गालियां दीं। जब पीड़ित उसके घर पूछताछ करने गया तो आरोपी ने लाठी-रॉड से हमला कर उसे घायल कर दिया। ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। थानाध्यक्ष गौरव कुमार सिंह तोमर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

## दंपति से मारपीट में तीन सगे भाइयों पर केस

**मनकापुर,अमृत विचार :** जमीनी विवाद को लेकर दंपति से मारपीट के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हरनाटायर के मजरा चंदामऊ निवासी अभिमन्यु ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका सगे भाइयों राजकरन, राजमन व जैकरन से जमीन विवाद चल रहा है। उसने गुरुवार की शाम कोतवाली में शिकायत की थी। शिकायत देकर वह पत्नी के साथ लौट रहा था कि रास्ते में विपक्षियों ने रोक लिया और उसकी पत्नी से मारपीट शुरू कर दी। विरोध पर आरोपियों ने उसे व उसकी पत्नी के साथ डंडे से मारपीट की।

# चोरी की 3 वारदातों का खुलासा, शातिर बंदी

**गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली नगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की तीन घटनाओं का खुलासा कर एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पीली व सफेद धातु के आभूषण, 7200 रुपये नकद और तीन चाबियों का गुच्छा बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने शनिवार को जेल रोड से कटहा घाट जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सारिक खान उर्फ छोटू निवासी धौरहरा अलहदादपुर थाना घुंघटेर बाराबंकी, हाल पता आसरा आवास फारबिसगंज पंतनगर के रूप में हुई है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अजय कुमार तिवारी, उपनिरीक्षक पिंटू कुमार यादव, उपनिरीक्षक शुभांशु पाठक, हेड कांस्टेबल विपिन कुमार पाण्डेय आदि शामिल रहे।

# बिना बुकिंग सिलेंडर मांगने पर बवाल

## संचालक से मारपीट

**गोंडा, अमृत विचार :** स्टेशन रोड पर संचालित साहू ग्रामीण गैस वितरक एजेंसी में शुक्रवार को बिना बुकिंग गैस सिलेंडर लेने पहुंचे युवक ने हंगामा किया। एजेंसी संचालक ने युवक पर मारपीट और अभद्रता का आरोप लगाते हुए नगर कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस जांच कर रही है।

एजेंसी के प्रोपराइटर जितेंद्र साहू के अनुसार, जिला अस्पताल में एंबुलेंस चलाने वाला कलीम नामक युवक बिना बुकिंग गैस सिलेंडर लेने पहुंचा था। कर्मचारियों द्वारा नियमों का हवाला देते हुए बिना बुकिंग सिलेंडर देने से मना किया गया तो वह नाराज होकर विवाद करने लगा। लोगों के समझाने पर वह वहां से चला गया, लेकिन कुछ देर बाद 4-5 साथियों के साथ दोबारा एजेंसी पहुंच गया।

आरोप है कि युवक ने एजेंसी संचालक का कॉलर पकड़ लिया और मारपीट शुरू कर दी। घटना के समय मौके पर मौजूद दो सिपाहियों व कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया।



गैस एजेंसी पर लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करते उपभोक्ता।

घटना के बाद एजेंसी संचालक ने पेट्रोलियम कंपनी के सेल्स अधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी को मामले की जानकारी दी। साथ ही आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए नगर कोतवाली में तहरीर सौंपी है। जितेंद्र साहू का कहना है कि एजेंसी पर गैस वितरण पूरी तरह नियमों के तहत किया जा रहा था। आरोपियों ने जबरन सिलेंडर लेने का प्रयास किया और विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो गए।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि करीब एक माह पूर्व भी संबंधित युवक एजेंसी पर आकर अभद्रता कर चुका है। नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि मामले की सूचना प्राप्त हुई है और जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# शिकायतों के निस्तारण में देवीपाटन मंडल अव्वल

- आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों को दी बधाई

**गोंडा, अमृत विचार:** जनशिकायतों के प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए देवीपाटन मंडल ने अप्रैल माह में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता पर आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंडल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए इसे टीमवर्क, सतत मॉनिटरिंग और जनहित के प्रति प्रशासनिक प्रतिबद्धता का परिणाम बताया है।

आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप आमजन की शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया गया, जिसके चलते मंडल को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न निभाई जाए, बल्कि शिकायतकर्ता को वास्तविक समाधान उपलब्ध कराया जाए ताकि उसकी पूर्ण संतुष्टि सुनिश्चित हो सके। उन्होंने मंडल के सभी जनपदों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। साथ ही प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि बिना स्थलीय सत्यापन और तथ्यात्मक जांच के किसी भी शिकायत का निस्तारण न किया जाए। अपर आयुक्त मीनू राणा ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही अथवा केवल कागजी कार्रवाई स्वीकार नहीं की जाएगी। अधिकारियों को शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित कर समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



श्रावस्ती जिले में आयोजित संध्या संवाद कार्यक्रम में लगे स्टॉल का निरीक्षण करतीं आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल। (फाइल फोटो)

उन्होंने सभी विभागों से समन्वय बनाकर कार्य करने की अपील करते हुए कहा कि देवीपाटन मंडल आगामी महीनों में भी प्रदेश में प्रथम स्थान बनाए रखने का प्रयास करेगा। प्रशासन ने अधिकारियों से अपेक्षा की है कि जनसुनवाई एवं शिकायत निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जाए, जिससे आमजन का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गौरा विधायक प्रभात वर्मा का स्वागत करते आयोजक।

## महाराणा प्रताप थे सच्चे देशभक्त : प्रभात वर्मा

**मसकनवा, गोंडा, अमृत विचार :** महाराणा प्रताप की 486 वीं जयंती शनिवार को मनायी गयी। विधायक प्रभात वर्मा व अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष डॉ.. विजय बहादुर सिंह ने महाराणा प्रताप के चित्र पर फूल माला अर्पित किया। विधायक ने कहा कि महाराणा प्रताप आजीवन मुगलों से लोहा लेते रहे। देश के स्वाभिमान व अस्मिता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। महाराणा प्रताप सच्चे देशभक्त थे। सभा को सांसद प्रतिनिधि कमलेश पांडेय, यू.पी. सिंह, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश मिश्रा, डा. अनिरुद्ध त्रिपाठी, राकेश ओझा, पूर्व प्रमुख बाबू राम यादव, विष्णु विवेक शुक्ल, आदि ने संबोधित किया। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य बृजेश प्रताप नारायण सिंह तथा संचालन राजन सिंह ने किया। इस मौके पर लल्लू तिवारी, वेद प्रकाश, राम कुमार गुप्ता, सोनू पांडेय, अंकेश गुप्ता, राम लक्ष्मण वर्मा, दलजीत सिंह, राजन सिंह, दयाशंकर पांडेय, मिंटू सिंह, अरविंद सिंह, जसवंत सिंह, आदर्श सिंह, सूरज ,नीरज सिंह, विकास सिंह ,डा. कमलेश सिंह ,सूर्यांश सिंह ,सूर्य प्रताप सिंह ,पिंकू सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

राम कथा

राजन जी महाराज की कथा में छलका भक्ति और समर्पण का रस, सम्मय माता मंदिर परिसर में उमड़े श्रद्धालु

# कर्तव्य, त्याग और मर्यादा की सर्वोच्च मिसाल हैं प्रभु श्रीराम

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** कटरा बाजार क्षेत्र के पैड़ीबरा गांव स्थित सम्मय माता मंदिर प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के षष्ठम दिवस पर श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास राजन जी महाराज ने जब राम वन गमन और केवट प्रसंग का वर्णन किया तो पंडाल में मौजूद हजारों श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। पूरा वातावरण जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।

राजन जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम का वन गमन केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि कर्तव्य, त्याग और मर्यादा की सर्वोच्च मिसाल है। उन्होंने बताया कि महाराज दशरथ द्वारा राम के राज्याभिषेक की घोषणा के बाद मंथरा के बहकावे में आकर कैकेयी ने अपने दो वरदान मांग लिए। भरत को राजगद्दी और राम को चौदह वर्ष का वनवास। उन्होंने कहा कि जब भगवान राम को वनवास का समाचार मिला तो उनके चेहरे पर तनिक भी दुख या आक्रोश नहीं था। श्रीराम ने पिता की आज्ञा और माता कैकेयी की इच्छा को सर्वोपरि मानते हुए वन जाने का निर्णय स्वीकार कर लिया। राजन जी महाराज ने कहा कि यही राम के चरित्र की महानता है, जो उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम बनाती है। कथा के दौरान राजन जी ने उस मार्मिक दृश्य का भी वर्णन किया जब श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण रथ पर सवार होकर अयोध्या से वन की ओर प्रस्थान कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उस समय पूरी अयोध्या उनके पीछे दौड़ पड़ी थी। इसके बाद राजन जी महाराज ने केवट प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि यह प्रसंग भक्त और भगवान के बीच प्रेम, समर्पण और सरल भक्ति का सर्वोत्तम उदाहरण है। उन्होंने बताया कि जब भगवान राम गंगा तट पर पहुंचे और केवट से नाव मांगी तो केवट ने बड़ी विनम्रता से एक अनोखी शर्त रख दी। राजन जी महाराज ने केवट के संवाद को सुनाते हुए कहा कि केवट बोला। "महाराज, मैंने सुना है कि आपके चरणों की धूल में बड़ा चमत्कार है। पत्थर की शिला अहिल्या बन गई। मेरी नाव तो लकड़ी की है, कहीं यह भी स्त्री बन गई तो मेरा परिवार कैसे पलेगा।" महाराज ने कहा कि केवट वास्तव में भगवान राम के चरण धोना चाहता था, लेकिन उसने भय का बहाना बनाकर अपनी भक्ति प्रकट की। उन्होंने कहा कि भगवान केवल प्रेम के भूखे होते हैं और सच्चे प्रेम से ही उन्हें पाया जा सकता है। कथा के दौरान 'उतराई' प्रसंग का भी भावुक वर्णन किया गया। राजन जी महाराज ने बताया कि जब केवट भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण को गंगा पार करा देता है तो माता सीता उसे पारिश्रमिक स्वरूप अपनी रत्नजड़ित मुद्रिका देना चाहती हैं, लेकिन केवट उसे लेने से इनकार कर देता है।



कथा सुनाते राजन जी महराज।



भावविभोर होकर कथा सुनते पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह। ● अमृत विचार

राजन जी महाराज ने कहा कि केवट के पास न धन था और न ही बड़ा ज्ञान, उसके पास केवल निष्कलंक प्रेम था और भगवान उसी प्रेम पर रीझ जाते हैं। कथा में पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, अयोध्या महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, एमएलसी अवधेश सिंह, विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय, विधायक प्रभात वर्मा, पूर्व आईपीएस जुगुल किशोर त्रिपाठी, भवानी भीख शुक्ल, कृष्ण भगवान शुक्ल, उमेश तिवारी, जिला कार्यवाह अश्वनी, सुनील सिंह, संजीव सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार: थाना** क्षेत्र के एक गांव से 16 वर्षीया नाबालिग किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी मंगलवार सुबह करीब 10 बजे घर से निकली थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। उसकी काफी तलाश की, मगर पता नहीं चला। परिजनों का आरोप है कि एक अज्ञात युवक मोबाइल फोन के जरिए उनकी बेटी के संपर्क में था। आशंका जताई गई है कि वही युवक शादी की नीयत से किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। मामले में थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर अज्ञात युवक के खिलाफ अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## चित्रकला प्रतियोगिता में प्रज्ञा को दूसरा स्थान



अतिथियों के साथ प्रज्ञा जायसवाल। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत शासन द्वारा आयोजित जनपदीय चित्रकला प्रतियोगिता में एम्स इंटर कॉलेज की छात्रा प्रज्ञा जायसवाल ने दूसरा स्थान हासिल कर विद्यालय तथा अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 18 मार्च 2026 को आयोजित की गई थी। प्रबंधक डॉ. अभय श्रीवास्तव ने प्रज्ञा की सफलता पर उसे विद्यालय में सम्मानित कर उसका उत्साहवर्धन किया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर रामचंद्र ने बताया कि शासन की तरफ से प्रज्ञा को 21 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

## थाना समाधान दिवस में एसपी ने सुनीं समस्याएं

**गोंडा, अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कोतवाली नगर थाना पहुंचकर जनसुनवाई की और फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित पुलिस व राजस्व अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। थाना धानेपुर में समाधान दिवस के दौरान तीन शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इन शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया, ताकि स्थलीय जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**रुपईडीह, अमृत विचार :** शनिवार को ट्यूनिंग एवं पेयरिंग कार्यक्रम के तहत पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बनगाई के कक्षा छह, सात व आठ के 30 छात्र-छात्राओं ने पार्वती देवी इंटर कॉलेज का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था, प्रयोगशाला, पुस्तकालय तथा विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की। पीएमश्री विद्यालय के प्रधानाध्यापक दीपक चाहक, सुशील तिवारी, सोनी व प्रवेन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों को अनुशासन, अध्ययन एवं लक्ष्य निर्धारण के महत्त्व के विषय मे प्रेरित किया।

## बच्चों ने नाटक से दिया नशा मुक्ति का संदेश



नाटक में अभिनय करने वाले बच्चों के साथ शिक्षक। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवानोहार में मीना मंच के बैनर तले नशा उन्मूलन अभियान के अंतर्गत बच्चों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने नाटक के माध्यम से समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए लोगों को इससे दूर रहने का संदेश दिया। बच्चों ने अपने अभिनय से दर्शाया कि नशा एक अभिशाप है, जो न केवल परिवार बल्कि पूरे समाज को भी दूषित करने का कार्य करता है। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि वर्तमान समय में नई पीढ़ी तेजी से नशे की चपेट में आ रही है, इसलिए परिवार और समाज को मिलकर युवाओं को इस बुरी लत से बचाने का प्रयास करना चाहिए। मीना मंच के सुगमकर्ता मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यक्रम में मोनिका, रंजना यादव, रुनझुन, शिवानी, प्रतिज्ञा, खुशी, पलक नैन वर्मा एवं रजनी सिंह ने प्रभावशाली नाटक का मंचन किया। इसके साथ ही विद्यालय के छात्र आनंद कुमार ने ऑटोमेटिक वॉटर डिस्पेंसर मॉडल प्रस्तुत किया, जबकि कपिल कुमार ने सेफ्टी हाउस का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्राफ्ट कला प्रतियोगिता में जीनत, प्रतिज्ञा, प्रियांशी एवं खुशी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार सिंह एवं सहायक अध्यापक अखिलेश ने प्रतिभागी बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया।

## मदर्स डे: भावपूर्ण प्रस्तुतियों से जताया मां के प्रति प्रेम



स्कूल की निदेशक डॉ. शालिनी सिंह के साथ कार्यक्रम में शामिल रहीं छात्राएं।

**बभनान, गोंडा, अमृत विचार :** मदर्स डे पर शनिवार को हर्रैया स्थित लिटिल वंडर्स स्कूल में माताओं के सम्मान में बच्चों की तरफ से रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति आयोजित की गई। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से मां के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त कर सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम की तैयारी विद्यालय की शिक्षिकाओं के निर्देशन में की गई थी, जिसकी सभी ने सराहना की। बच्चों ने गीत, नृत्य और भावनात्मक प्रस्तुतियों के जरिए यह संदेश दिया कि मां का स्थान जीवन में सबसे महत्वपूर्ण होता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोग बच्चों की प्रस्तुति देखकर भाव-विभोर हो उठे। विद्यालय की छात्रा अनन्या सिंह, अर्पिता, कावया, शुभी, खुशी, सृष्टि, सौम्या एवं आराध्या की मनमोहक प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को उल्लास और भावनाओं से भर दिया। विद्यालय की निदेशक डॉ. शालिनी सिंह ने सभी बच्चों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करने का अवसर भी प्रदान करती हैं। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य दुर्गेश प्रताप सिंह समेत स्कूल के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## पत्नी को बंधक बना जबरन गर्भपात कराने का आरोप

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को ससुराल पक्ष द्वारा बंधक बनाए रखने, मारपीट करने और जबरन गर्भपात कराने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर पत्नी को सकुशल वापस दिलाने और आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। मुंडेरवा निवासी त्रिपुरारी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी शादी करीब 15 वर्ष पूर्व खुशबू के साथ हुई थी। आरोप है कि करीब एक वर्ष पूर्व ससुराल पक्ष के लोग उसकी पत्नी को अपने साथ ले गए थे। काफी समय बीतने के बाद भी जब पत्नी को वापस नहीं भेजा गया तो उसने पूर्व में भी थाने में तहरीर दी थी। उस समय विपक्षियों ने 15 दिन के भीतर पत्नी को भेजने का आश्वासन दिया था, लेकिन वादा पूरा नहीं किया गया। पीड़ित का आरोप है कि उसकी पत्नी सात माह की गर्भवती थी। ससुराल पक्ष ने जबरन उसका गर्भपात करा दिया। आरोप है कि जब भी वह पत्नी को लेने ससुराल जाता है तो विपक्षी गाली-गलौज करते हैं, मारपीट कर भगा देते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर मुकदमा दर्ज करने, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा पत्नी को सकुशल वापस दिलाने की मांग की है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## हादसे में मारपीट करने पर तीन के खिलाफ केस

**कटरा बाजार,अमृत विचार :** एक्सीडेंट के दौरान मारपीट करने पर तीन लोगों पर कटरा बाजार पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। गोसाई पुरवा टेढ़ी निवासी रिंकू ने बताया कि 7 मई को वह गांव के किनारे खड़ा था तभी लापरवाही पूर्वक बुलट चलाते हुए इसी गांव के चालक राजेश ने टक्कर मार दी। विरोध करने पर उनके साथ आए संचित व राहुल ने भी मारा-पीटा। निरीक्षक अपराध मनोज कुमार पाठक ने बताया कि रिंकू की तहरीर पर राजेश के विरुद्ध लापरवाही पूर्वक बाइक चलाने व दो अन्य साथी पर मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज किया गया है।

# इलाज के दौरान वृद्धा की मौत, जिला अस्पताल में छोड़कर भागा झोलाछाप

## बुखार की दवा लेने गयी थी नर्सिंग होम, दवा खाने के बाद बिगड़ गयी थी तबीयत

● कार से पहुंचाया था जिला अस्पताल, परिजनों को मिलीं मृत

गौरा चौराहा, बलरामपुर



निदान फार्मेसी यहीं पर बिगड़ी थी महिला की तबीयत। ● अमृत विचार


परिजनों से बातचीत करते सदर विधायक पल्टूराम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** क्षेत्र में कथित फर्जी तरीके से संचालित हो रहे नर्सिंग होम और झोलाछाप इलाज को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम सभा सेवरहा के मजरा भरभरिया निवासिनी लखराजी (60) पत्नी उदयराज की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि दवा के रिएक्शन के बाद हालत बिगड़ने पर कथित नर्सिंग होम संचालक उन्हें जिला मेमोरियल अस्पताल में लावारिस हालत में छोड़कर फरार हो गया।

परिजनों के मुताबिक लखराजी शुक्रवार शाम गौरा चौराहा बाजार शादी का सामान खरीदने गई थीं। उन्हें बुखार भी था, जिस पर वह गौरा चौराहा स्थित निदान फार्मेसी में इलाज कराने पहुंचीं। आरोप है कि वहां मौजूद समीउल्ला ने दवा दी, जिसके बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वह बेहोश हो गईं। परिजनों का कहना है कि समीउल्ला बिना सूचना दिए उन्हें निजी वाहन से जिला मेमोरियल अस्पताल ले गया और वहां छोड़कर भाग निकला। इधर जब महिला देर रात तक घर नहीं पहुंचीं तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्हें एक कार में ले जाया गया था। इसके बाद परिजन जिला मेमोरियल अस्पताल पहुंचे, जहां महिला मृत अवस्था में मिलीं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

मामले को लेकर परिजनों ने गौरा चौराहा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी हरीश सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शनिवार को विधायक पलटू राम पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और मुख्य चिकित्सा अधिकारी से अवैध नर्सिंग होम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। सीएमओ द्वारा जांच और सख्त कार्रवाई के आश्वासन के बाद आक्रोशित परिजन शांत हुए। सीएमओ डॉक्टर मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि मामले में जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम व एसपी ने सुनीं लोगों की शिकायतें


थाना समाधान दिवस में समस्याएं सुनते डीएम और एसपी। ● अमृत विचार

**बलरामपुर अमृत विचार :** जनपद में आयोजित थाना समाधान दिवस के तहत शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में थाना कोतवाली नगर एवं थाना देहात में फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। अधिकारियों ने थाना स्तर पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से भूमि विवाद और कानून-व्यवस्था से जुड़े संवेदनशील मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने पर जोर दिया। अधिकारियों ने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण करना है। शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस के दौरान राजस्व, पुलिस एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## उतरौला में सपा की सक्रियता तेज, लोगों से मिलीं सुमैया राणा


सुमैया राणा।

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुमैया राणा शनिवार को उतरौला विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचीं। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क साधा। उनके साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य शारुन वसीम खान, प्रधान सिराजुद्दीन खान पप्पू, परसराम बौद्ध, इशरत जाकिर और इजहार खान पप्पू मौजूद रहे। सुमैया राणा ने महिलाओं से संवाद करते हुए समाजवादी पार्टी की नीतियों और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यों को गिनाया। पत्रकार वार्ता में उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है तथा महिला आरक्षण केवल दिखावा बनकर रह गया है। उतरौला में उनके लगातार बढ़ते राजनीतिक सक्रियता को लेकर क्षेत्र में यह चर्चा भी तेज हो गई है कि सपा उन्हें आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी बना सकती है।

## जनगणना जागरूकता कार्यक्रम मे विद्यार्थियों को बताई राष्ट्र निर्माण में भागीदारी की अहमियत


विद्यार्थियों को जनगणना के बारे में जागरूक करते अधिकारी। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में जनगणना जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. एम.पी. तिवारी, उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय एवं उप प्रधानाचार्य राघवेन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में तहसीलदार सदर अभिनव सिंह चौहान एवं जनगणना टीम के सदस्यों का विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। तहसीलदार ने विद्यार्थियों को जनगणना के महत्व, उद्देश्य और प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि ऑनलाइन माध्यम से भी जनगणना कराई जा सकती है। उन्होंने सही एवं पूर्ण जानकारी देने को प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य बताया। जनगणना टीम ने कहा कि जनगणना से सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं विकास योजनाओं के लिए सटीक आंकड़े प्राप्त होते हैं। वहीं डॉ. एम.पी. तिवारी ने विद्यार्थियों से स्वयं जागरूक बनने और समाज को भी जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में जनगणना विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया गया।

## बच्चों ने गीतों से मां के प्रति जताया अपना प्रेम


मातृ दिवस के अवसर पर प्रस्तुति देते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** सेंट जेवियर्स डिज्नी वर्ल्ड स्कूल में मातृ दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों ने अपनी माताओं के सम्मान में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद बच्चों ने मां मेरी मां गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर उपस्थित माताओं को भावुक कर दिया। बच्चों ने गीत, कविता, भाषण और अभिनय के माध्यम से मां के प्रति अपने प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता को अभिव्यक्त किया। बच्चों की मासूम अदाओं और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों, फूलों और आकर्षक सजावट से सुंदर रूप दिया गया था। बच्चों द्वारा बनाए गए ग्रीटिंग कार्ड, क्राफ्ट आइटम और छोटे-छोटे उपहार माताओं को भेंट किए गए। कार्यक्रम में माताओं के लिए म्यूजिकल चेयर, मदर एंड चाइल्ड गेम, क्विक टैलेंट राउंड और स्माइल कॉन्टेस्ट जैसी रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। विद्यालय समन्वयक नीला घोष ने मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां बच्चों की प्रथम गुरु होती हैं। वहीं विद्यालय के निदेशक सुयश कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को संस्कार, परिवार और मातृत्व के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार आभार जताया।

## नियमों के उल्लंघन पर 44 वाहनों का चालान

**बलरामपुर, अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को परिवहन विभाग और यातायात पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान वीर विनय चौराहा, झारखंडी मंदिर एवं फुलवरिया चौराहा पर संचालित किया गया। अभियान के दौरान मॉडिफाई साइलेंसर लगे दोपहिया वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जांच में ऐसे तीन वाहनों को सीज किया गया, जबकि सात का चालान किया गया। वहीं दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाकर चलने वाले 15 वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। एक ओवरलोड माल वाहन को सीज किया गया। विशेष चेकिंग अभियान के दौरान कुल 44 वाहनों का चालान करते हुए 2 लाख 17 हजार की शास्ति अधिरोपित की गई। अभियान एआरटीओ बृजेश एवं यातायात प्रभारी उमेश सिंह द्वारा मय हमराही पुलिस बल के साथ चलाया गया।

# घर बैठे स्वयं ही दर्ज करें अपनी जानकारी

**जनगणना**

संवाददाता, बलरामपुर

● पूर्व सांसद ने की नागरिकों से भागीदारी करने की अपील


पूर्व सांसद दद्दन मिश्र।

**अमृत विचार :** देश में पहली बार शुरू हो रही डिजिटल जनगणना-को लेकर श्रावस्ती के पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने क्षेत्रवासियों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना प्रक्रिया डिजिटल वपारदर्शी बनाई गई है, जिससे लोग घर बैठे ऑनलाइन अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि नागरिक 7 मई से 21 मई तक आधिकारिक पोर्टल पर लॉगिन कर अपनी जानकारी ऑनलाइन भर सकते हैं। प्रक्रिया पूरी होने पर एक यूनिक आईडी जारी की जाएगी, जिसे बाद में घर आने वाले प्रगणक को दिखाना होगा। जो लोग ऑनलाइन जानकारी दर्ज नहीं कर पाएंगे, उनके लिए 22 जून तक घर-घर जाकर मोबाइल ऐप के माध्यम से जानकारी जुटाई जाएगी। पूर्व सांसद ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि विकास योजनाओं की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने लोगों से सही और पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने की अपील करते हुए भरोसा दिलाया कि सभी सूचनाएं पूरी तरह गोपनीय रखी जाएंगी।

## सीएमओ ने स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** विकास खंड बलरामपुर अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय हरबंशपुर में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। सीएमओ ने मौके पर मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र गर्भवती महिलाओं और बच्चों तक समय पर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से किशोरियों में पोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। डॉ. रस्तोगी ने कहा कि ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। इसके जरिए अधिक से अधिक लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़कर उन्हें लाभान्वित किया जाना चाहिए।

# महाराणा प्रताप की वीरता अतुलनीय

**जयंती**

गैसड़ी, बलरामपुर


महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित करते थारू समाज के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** महाराणा प्रताप जनजातीय सेवा संस्थान के तत्वावधान में थारू जनजाति बाहुल्य क्षेत्र बेतहनिया में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की महिला इकाई जिलाध्यक्ष लक्ष्मी देवी थारू ने की। इस दौरान बड़ी संख्या में थारू समाज के महिला-पुरुषों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लक्ष्मी देवी थारू ने कहा कि महाराणा प्रताप शौर्य, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के प्रतीक थे। उन्होंने अपने जीवन में कभी भी मातृभूमि और स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि हल्दीघाटी सहित कई युद्धों में महाराणा प्रताप ने अद्भुत वीरता का परिचय दिया और जीवनभर संघर्ष करते हुए देशभक्ति की मिसाल कायम की।

संस्थान के अध्यक्ष मदनलाल जायसवाल ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन आज भी समाज और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने और संस्कृति व स्वाभिमान की रक्षा के लिए सदैव सजग रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में सपना चौधरी, अंशू चौधरी, ज्योति चौधरी, ममता चौधरी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में सभी ने महाराणा प्रताप के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार:** न्यायालय के आदेश पर अनुसूचित जाति की महिला पर हमले तथा धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक नामजद सहित दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मामला थाना क्षेत्र के ग्राम हरचंदपुर का है। पुष्पा चौधरी पत्नी शिव कैलाश का आरोप है कि रंजिश को लेकर गांव के डॉक्टर तिवारी व दो अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर उसकी पिटाई कर दी। पीड़िता का आरोप है कि 14 फरवरी की घटना के बाद उसने थाने में तहरीर दी थी। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की और न ही मेडिकल कराया। पीड़िता ने न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी एसटी के यहां प्रार्थना-पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपी डॉक्टर तिवारी तथा दो अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सिलेंडर न मिलने पर लगाया जाम

**फूटा गुस्सा**

संवाददाता, बलरामपुर


रसोई गैस सिलेंडर न मिलने पर नाराजगी जताते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में रसोई गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था पटरी से उतरती नजर आ रही है। समय से गैस सिलेंडर न मिलने, होम डिलीवरी बंद रहने और खुलेआम सड़क किनारे सिलेंडर वितरण किए जाने से नाराज उपभोक्ताओं का गुस्सा शनिवार को फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोगों ने नेशनल हाईवे-730 पर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम समाप्त कराया।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि डीएम के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद गैस एजेंसियां घर-घर सिलेंडर पहुंचाने के बजाय गोदामों और अलग-अलग स्थानों पर मनमाने तरीके से वितरण कर रही हैं। भीषण गर्मी में महिलाओं, बुजुर्गों और मजदूर वर्ग को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है। कालीथान स्थित बालाजी गैस एजेंसी पर पिछले कई दिनों से अव्यवस्था का आरोप लगाया जा रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि पहली बुकिंग का सिलेंडर तक नहीं मिला, जबकि दूसरी बुकिंग की तारीख आ गई है। कई लोगों के खातों में सब्सिडी पहुंच चुकी है, लेकिन सिलेंडर नहीं मिला। नगर निवासी मोहम्मद असलम ने बताया कि अप्रैल के अंतिम सप्ताह में बुकिंग कराने के बाद भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिला। वहीं सरिता श्रीवास्तव और कृष्णमोहन ने कहा कि एजेंसी पहली बुकिंग का कोई स्पष्ट रिकॉर्ड नहीं बता रही है। सोनी मिश्रा, पल्लवी और रोहित गुप्ता ने आरोप लगाया कि पर्ची लेने के लिए घंटों लाइन लगानी पड़ रही है, लेकिन सिलेंडर की गारंटी नहीं दी जा रही। लोगों ने बताया कि इससे पहले भी अनियमितताओं को लेकर हाईवे जाम किया गया था। उस समय प्रशासन ने होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे, लेकिन स्थिति में अब तक सुधार नहीं हो सका है।


पेय जलापूर्ति की पाइपलाइन लीक होने से गली में हुआ जलभराव।

## जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही से बढ़ीं मुश्किलें

**बलरामपुर, अमृत विचार :** के खलवा मोहल्ले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए गए कार्य लोगों के लिए दिक्कतों का कारण बन गए हैं। मोहल्ले में कई जगह पाइपलाइन से लगातार पानी रिस रहा है जबकि सड़कों को अधूरा छोड़ दिए जाने से भी आवागमन बाधित हो रहा है। सोशल मीडिया पर संबंधित वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने कार्य की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। नागरिकों का कहना है कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान मानकों की अनदेखी की गई। सभासद संदीप मिश्रा का आरोप है कि कार्य के समय ही संभावित खामियों की जानकारी संबंधित कर्मचारियों और कार्यदायी संस्था को दी गई थी लेकिन शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया। अब इसका असर पानी के रिसाव के रूप में दिखाई दे रहा है। मोहल्ले में कई घरों के पास लगातार पानी बहने से कीचड़ और फिसलन की स्थिति बनी हुई है। कई स्थानों पर सड़क खोदकर छोड़ दी गई है। लोगों का कहना है कि रात के समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वायरल वीडियो के बाद लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच कराने जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने तथा पाइपलाइन और सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है।

# मुफ्त होगा कटे होंठ-तालू का इलाज

● विकृति दूर कर बच्चों के चेहरे की मुस्कान लौटायेगी स्माइल ट्रेन

● 11 से 15 मई तक आयोजित होगा नि:शुल्क पंजीकरण शिविर

**गोंडा, अमृत विचार :** बच्चों के कटे होंठ-तालू का इलाज के लिए स्माइल ट्रेन संस्था ने पहल की है। इस पहल के तहत संस्था इस तरह की जन्मजात विकृति के शिकार बच्चों का निःशुल्क ऑपरेशन कराकर उनकी मुस्कान लौटायेगी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) एवं स्माइल ट्रेन संस्था के संयुक्त तत्वावधान में जन्म से कटे होंठ और कटे तालू से पीड़ित बच्चों के लिए 11 मई से 15 मई तक निःशुल्क पंजीकरण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर के माध्यम से चिह्नित मरीजों का इलाज लखनऊ के हेल्थ सिटी हॉस्पिटल में विशेषज्ञ प्लास्टिक सर्जनों द्वारा पूरी तरह निःशुल्क किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संत लाल पटेल ने बताया कि शिविर जिले के विभिन्न ब्लॉकों में आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक मरीजों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि बभनजोत, छपिया और मनकापुर ब्लॉक के मरीजों का पंजीकरण 11 मई को सीएचसी मनकापुर में होगा। वहीं नवाबगंज, वजीरगंज, बेलसर और तरबगंज के मरीजों का पंजीकरण 12 मई को सीएचसी तरबगंज में किया जाएगा। इसी क्रम में परसपुर, हलधरमऊ, कटरा बाजार और कर्नलगंज ब्लॉक के मरीजों का पंजीकरण 13 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्नलगंज में होगा। जबकि खरगूपुर, मुजेहना, इटियाथोक, झंझरी और पंडरी कृपाल ब्लॉक के मरीजों का पंजीकरण 14 मई को डीईआईसी सेंटर, जिला महिला चिकित्सालय में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभी ब्लॉकों एवं शहरी क्षेत्र के छूटे हुए मरीजों का पंजीकरण 15 मई को डीईआईसी सेंटर जिला महिला चिकित्सालय में किया जाएगा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं आरबीएसके के नोडल अधिकारी डॉ. सी.के. वर्मा ने अभिभावकों और आमजन से अपील की है कि यदि उनके घर या आसपास ऐसे बच्चे हों तो उनका पंजीकरण अवश्य कराएं। उन्होंने बताया कि पंजीकृत मरीजों का इलाज हेल्थ सिटी हॉस्पिटल लखनऊ में स्माइल ट्रेन संस्था के प्रोजेक्ट डायरेक्टर एवं प्लास्टिक सर्जन डॉ. वैभव खन्ना तथा वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन डॉ. आदर्श कुमार द्वारा निःशुल्क किया जाएगा। मरीजों को आने-जाने का किराया भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### जानकारी के लिए इन नंबरों पर करें संपर्क

डीईआईसी मैनेजर - 9415533385

नीरज कुमार, प्रतिनिधि स्माइल ट्रेन संस्था- 9454159999 व 9565437056

**कार्यक्रम** | जिला जज ने किया शुभारंभ

# विवादों के हल का मंच है लोक अदालत



लोक अदालत में मौजूद जिला जज व अन्य। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार:** पक्षकारों को आपसी बातचीत से अपने विवादों का सौहार्दपूर्ण निराकरण कराने का सबसे अच्छा मंच लोक अदालत है। ये बातें राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिला जज दुर्ग नरायन सिंह ने कहीं।

जनपद न्यायालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिला जज दुर्ग नरायन सिंह व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अंकिता सिंह ने राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि न्यायिक अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों व बैंकिंग एवं फाइनेंस से जुड़े लोगों के साथ समन्वय स्थापित करके लगभग डेढ़ लाख मामलों के निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है।

इस दौरान परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सुनील कुमार, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, अपर जिला जज सूर्य प्रकाश सिंह, आलोक शर्मा, निर्भय प्रकाश, नित्या पांडेय, विकास, राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी दानिश हसनैन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित कुमार सिंह, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविचंद्र त्रिपाठी, महामंत्री सुनील कुमार पाण्डेय, सिविल बार के अध्यक्ष विजय प्रकाश त्रिपाठी व महामंत्री गौरीशंकर चतुर्वेदी व एससीपीएम मेडिकल कॉलेज के निदेशक अजिताभ दूबे सहित सभी न्यायिक अधिकारी व अधिवक्ता एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट डिफेंस काउंसिल बृज लाल तिवारी ने किया।

**डा0 पुष्पेंद्र सिंह स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
ग्राम - घाटमपुर पो - पश्चिम दुआरा, अमेठी

आवश्यकता है

स्नातक स्तर पर कला संकाय (बी.ए.) पाठ्यक्रम में अंग्रेजी, राजनीति शास्त्र, गृह विज्ञान, समाज शास्त्र, शिक्षा शास्त्र, सैन्य विज्ञान, चित्रकला, भूगोल एवं बी.एससी. पाठ्यक्रम में गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान विषयों में प्रवक्ता 01–01 पद। परास्नातक स्तर पर कला संकाय (एम. ए.) पाठ्यक्रम में प्राचीन इतिहास, भूगोल, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, गृहविज्ञान एवं एम. एससी. पाठ्यक्रम में प्राणि विज्ञान, रसायन विज्ञान विषयों में प्रवक्ता 02–02 पद।
**योग्यता एवं वेतनमान -** यू.जी.सी. एवं राज्यविश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 15 कार्य दिवस के भीतर अपने शैक्षिक अभिलेख की छायाप्रति के साथ विद्यालय के पते संपर्क करें।

प्रबंधक
मनोरमा सिंह

**इसरावती देवी महाविद्यालय**
कम्मरपुर, हरीपुर, सुलतानपुर

में आवश्यकता है-

परास्नातक स्तर पर एम0ए0 (हिन्दी, समाजशास्त्र, भूगोल, गृहविज्ञान एवं अंग्रेजी) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद तथा एम0एस0सी0 (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद
योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

भवदीय–**वीरेन्द्र मिश्र**
मो0नं0–6306111178

**श्रीमती श्यामा देवी हर्ष महाविद्यालय**
भवानीगढ़, रैंचा-सुल्तानपुर (उ0प्र0)

आवश्यकता है-

**प्राचार्य 01 पद**
परास्नातक स्तर पर एमए पाठ्यक्रम में हिंदी, शिक्षा शास्त्र, गृह विज्ञान विषयों में प्रवक्ता 02–02।
स्नातक स्तर पर बीए पाठ्यक्रम में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गृह विज्ञान, भूगोल, प्राचीन इतिहास, शिक्षा शास्त्र, समाज शास्त्र विषयों में प्रवक्ताओं की 01–01 पद।
**योग्यता एवं वेतनमान –** यू.जी.सी., एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यथ्र्र विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क करें।

**प्रबंधक,**
मो0– 8400080888, 9670897000

# बिचौलियों के माध्यम से न हो गेहूं खरीद: अमित

## कलेक्ट्रेट में गेहूं खरीद की समीक्षा बैठक में एडीएम ने दिए निर्देश, अब तक 22 हजार एमटी की हुई खरीद

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत संचालित गेहूं खरीद की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी /जिला खरीद अधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन करते हुए जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जनपद में 08 क्रय संस्थाओं के 177 गेहूं क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। जनपद हेतु निर्धारित क्रय लक्ष्य 63500 मीट्रिक टन के सापेक्ष अब तक 3359 किसानों से 22227.59 मीट्रिक टन गेहूं खरीद की गई है, जो लक्ष्य का 35 प्रतिशत है। एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को क्रय केन्द्रों पर किसी भी दशा में बिचौलियों के माध्यम से खरीद न होने दिए जाने का निर्देश दिया।

बैठक में जिला खरीद अधिकारी ने समस्त जिला प्रबंधकों को निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित संस्था के अनुमोदित गेहूं क्रय केन्द्रों पर तेजी से गेहूं खरीद करायी जाये एवं कृषकों को अधिक से अधिक समर्थन मूल्य का लाभ दिलाया जाये। अमित कुमार ने निर्देश दिया कि कृषकों को उनके द्वारा बेची गई उपज का तेजी से भुगतान भी कराया जाये। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद शासन की महत्वपूर्ण योजना में सम्मिलित है, जो सीधे कृषक के हित से जुड़ी है। जनपद के किसी भी गेहूं कय केन्द्र पर किसानों को अपना गेहूं विक्रय करने में कोई परेशानी न होने पाए।


समीक्षा बैठक करते एडीएम अमित कुमार। अमृत विचार

अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी क्रय केन्द्र प्रभारी इस बात विशेष ध्यान रखेंगे कि किसी भी क्रय केन्द्र पर किसी भी दशा में बिचौलियों के माध्यम से खरीद न होने पाये। किसी भी क्रय केन्द्र पर कोई अनियमितता प्रकाश में आती है तो सम्बन्धित केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। जिला प्रबंधकों को निर्देश दिये गये कि क्रय एजेन्सियों पर केन्द्र प्रभारी सहित सभी कार्मिकों की समयबद्धता के साथ उपस्थिति दर्ज करायी जाये तथा शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार के आने वाले किसानों से गेहूं की खरीद सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक यू.पी.एस.एस., प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम के प्रतिनिधि, सचिव कृषि उत्पादन मंडी समिति बहराइच, जिला प्रभारी नेफेड, जिला प्रभारी एनसीसीएफ, जिला प्रबंधक पीसीएफ एवं पीसीयू के प्रतिनिधि आदि लोग उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी व सहायिका भर्ती की शिकायतों को लेकर जनपद में हेल्पडेस्क बना

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले में आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका की भर्ती-2026 की प्रक्रिया में प्रथम व द्वितीय वरीयता में चिन्हित अभ्यर्थियों के विरूद्ध आय, निवास व अन्य के सन्दर्भ में आपत्ति एवं शिकायत प्राप्त करने हेतु विकास भवन, प्रथम तल पर स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी बहराइच हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। जिसके लिए कार्यालय के कनिष्ठ सहायक सुशील कुमार चौधरी मो.न. 9838569477 को प्रभारी बनाया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति 11 मई से 17 मई तक आपनी आपत्ति व शिकायत दर्ज करा सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात चयन प्रकरण पर किसी भी दशा में कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं की जायेगी। उल्लेखनीय है कि शासनादेश दिनांक 17 सितम्बर, 2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर प्रथम व द्वितीय वरीयता में चिन्हित अभ्यर्थियों के विरूद्ध प्राप्त आय व निवास प्रमाण पत्र तथा एक केन्द्र पर एक ही परिवार के सदस्य कार्यकत्री एवं सहायिका के पद पर चयनित होने विषयक प्राप्त शिकायतों की जॉच हेतु शुक्रवार को विकास भवन में आयोजित बैठक के दौरान अध्यक्ष चयन समिति व मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर शिकायतों को प्राप्त करने हेतु हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है।

# डीएम ने महादेवा मेले को लेकर संजय सेतु का किया निरीक्षण

जरवल रोड (बहराइच)

**अमृत विचार।** आगामी 17 मई से 16 जून तक आयोजित होने वाले मलमास महादेवा मेले के दौरान बढ़ने वाली भीड़ और यातायात व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी बहराइच अक्षय त्रिपाठी ने संजय सेतु पुल पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एनएचआई तथा पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ ट्रैफिक व्यवस्था और पुल पर चल रहे मरम्मत कार्य की जानकारी हासिल की।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने पुल पर चल रहे मरम्मत कार्य का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ज्ञात हो कि मलमास के दौरान बाराबंकी जनपद स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में कांवरिए और शिवभक्त पहुंचते हैं। ऐसे में बहराइच-बाराबंकी मार्ग पर यातायात का दबाव काफी बढ़ जाता है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से पुल पर भारी वाहनों के आवागमन, ट्रैफिक नियंत्रण तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि आगामी बैठक में वाहनों के वजन और आवागमन को लेकर निर्णय लिया जाएगा तथा अधिकारियों से सुझाव भी मांगे गए हैं। जिलाधिकारी के नेतृत्व में यातायात को लेकर समीक्षा बैठक होगी उसमे एनएचआई व पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से जानकारी हासिल करेंगे। इस मौके पर एनएचआई के विपुल श्रीवास्तव, सद्दाम हुसैन, शुभम त्रिपाठी, एई अजीत सिंह, डॉ. रईस अहमद, जेई एसके राव, तथा थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह मय फोर्स मौजूद रहे।


संजय सेतु पर पहुंचकर निरीक्षण करते डीएम अक्षय त्रिपाठी।

## न्यूज ब्रीफ

### फ्रिज का कम्प्रेशर फटने से घर में लगी आग, गृहस्थी राख

**जमुनहा( श्रावस्ती), अमृत विचार:** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव में शुक्रवार की देर शाम को गांव निवासी गुड़िया पत्नी तसव्वर के घर में रखे फ्रिज का कम्प्रेसर अचानक फट गया। इससे आग भड़क गई और देखते ही देखते आग ने घर को अपने चपेट में ले लिया। साथ ही घर में रखा सामान धू-धूकर जलने लगा। शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और आग बुझाने में जुट गए। लोगों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक घर में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। गुड़िया ने बताया कि फ्रिज में अचानक ब्लास्ट होने से घर में आग लगी। जिसमें सोने चांदी के जेवर, कपड़े, बिस्तर, राशन सब जल गया है।

### डंफ़र की टक्कर से युवक की मौत

**मल्हीपुर( श्रावस्ती), अमृत विचार:** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शिवगढ़ कला निवासी प्रमोद कुमार वर्मा (27) पुत्र आत्माराम वर्मा के यहां विवाह कार्यक्रम आयोजित होना था। उसी का कार्ड बांटने के लिए प्रमोद शनिवार को बाइक से थाना क्षेत्र के ही कानीबोझी की ओर जा रहा था। जैसे ही वह बाइक लेकर गांव से कुछ दूरी पर जंगल के पास गद्दीपुरवा बैराज पहुंचा। तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंफ़र ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर तेज होने के कारण वह बाइक सहित सड़क पर गिरकर गम्भीर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस से उसे सीएचसी मल्हीपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची मल्हीपुर पुलिस ने शव का पंचनामा भराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया। वहीं युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

### आम उठाने को लेकर मारपीट, चार घायल

**इकौना( श्रावस्ती), अमृत विचार:** बाग में आम उठाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। बाग की रखवाली कर रहे लोगों ने जमकर पिटाई कर दी जिसमें चार लोग घायल हो गए। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम टंडवा महंत के मजरा रामपुर बनकटी गांव निवासी बालिका आरती गांव के पास स्थित लम्बरदारपुरवा आम की बाग में पड़ा आम उठा लिया। जिसकी रखवाली कर रहे कुछ युवको ने बालिका मार दिया। इस दौरान बालिका के परिवार के ही महेश ट्रैक्टर से आ रहे थे। महेश ने देखा तो दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। इस बीच बाग की रखवाली कर रहे लोग उसकी पिटाई करने लगे। जिसकी सूचना पर मौके पर बीच बचाव करने पहुंचे महेश के रिस्तेदार रामसहाय व टिंकू की भी पिटाई कर दी। जिसमें वह घायल हो गए। मौके पर एकत्र हुए लोगों ने विवाद को शांत कराया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने डफालीपुरवा चिचड़ी निवासी जाकिर व उनके पुत्र असलम, हजरत अली व शाकिर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इकौना थाना प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### सोशल मीडिया का करें सुरक्षित प्रयोग

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के द्वितीय चरण के तहत शनिवार को विभिन्न थानों की मिशन शक्ति टीमों व शक्ति दीदियों ने जागरूकता चौपाल का आयोजन किया। एएसपी चंद्रकेश सिंह ने बताया कि चौपाल में मौजूद महिलाओं व बालिकाओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित प्रयोग के प्रति जागरूक किया गया। सभी से सोशल मीडिया पर मजबूत पासवर्ड रखने, निजी तस्वीरें साझा न करने आदि की जानकारी दी गई।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मार्ग पर पड़ा मिला युवक, मौत

बदला चौराहा(श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** दुर्गापुर गांव से बारात में शामिल होकर वापस लौट रहा युवक शनिवार सुबह बरदेहरा मोड़ के निकट संदिग्ध परिस्थितियों में भिनगा-बहराइच मार्ग पर खून से लथपथ हालत में सड़क पर पड़ा मिला। सोनवा पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बहराइच जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत सच्चा आश्रम टेपरा निवासी नारायण (42) पुत्र बिरजा की ससुराल सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम दुर्गापुर निवासी मनऊं राम के यहां है। शुक्रवार रात वह दुर्गापुर निवासी विनोद कुमार की बहन रीता देवी के विवाह में बाराती बनकर आया था। यहां बारात में शामिल होकर मध्य रात के बाद वह पिकअप से वापस घर लौट रहा था। शनिवार सुबह लोगों को बरदेहरा मोड़ के निकट डिवाइडर के पास एक युवक खून से लथपथ हालत में दिखा। इसकी सूचना पर पहुंची सोनवा पुलिस ने पहचान कराया तो युवक की पहचान नारायण के रूप में हुई। पुलिस ने उसे एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है।


युवक को एम्बुलेंस में भिजवाती पुलिस।

# तीसरे दिन मिला दो किशोरों का शव

- राप्ती नदी में नहाने के दौरान डूब गए थे पांच किशोर

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** राप्ती नदी में गुरुवार को नहाने गए पांच किशोर डूब गए। इसमें से तीन लोगों को बचा लिया गया था, जबकि दो किशोर डूबकर लापता हो गए थे। दोनों किशोर का शव शनिवार तीसरे दिन घटना स्थल से करीब एक किलोमीटर दूर टीम ने खोज निकाला।

गिलौला थाना क्षेत्र के घोरमा परसिया निवासी अभी (15) पुत्र राम प्रसाद व अभिषेक (16) पुत्र गुड्डू गुरुवार को भिनगा कोतवाली क्षेत्र के भाखला घाट के पास राप्ती नदी में नहाने आए थे। उनके साथ उनके रिस्तेदार बहराइच जिले के मरौचा गांव निवासी प्रेम प्रकाश (16) पुत्र शिव पूजन, राहुल (17) पुत्र श्यामू व गोण्डा जिले के भगवानपुर निवासी विनय (16) पुत्र नकछेद भी मौजूद थे। नहाते समय सभी गहरे पानी में डूबने लगे। इस दौरान राहुल, अभिषेक व विनय किसी तरह बाहर निकल आए, जबकि अभी व प्रेम प्रकाश राप्ती नदी में डूबकर लापता हो गए। शनिवार को दोनों का शव टीम ने घटना स्थल से करीब एक किलोमीटर दूर खोज निकाला। मौके पर फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है, जिसे पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। किशोरों का शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।


शव मिलने के बाद मौजूद परिजन व पुलिस।

### नदी, ताल व पोखरों के पास बच्चों को न जाने दें

तालाब, पोखरव नदी में डूबने के कारण हुई मौत के प्रकरण संज्ञान में आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में अभिभावक अपने बच्चों को तालाब/पोखर/नदी में स्नान करने से रोकें। यदि बच्चें जल के समीप हैं, तो अभिभावक अपनी देखरेख में रखें, जिससे होने वाली अप्रिय घटनाओं से बचा जा सके। यह बातें शनिवार को डीएम अन्नपूर्णा गर्ग ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जर्जर व टूटी-फूटी नाव पर सवारी न करें। छोटे बच्चों को अकेले नाव पर यात्रा न करने दें। नाव में यात्रा से पूर्व नाव की भार क्षमता व लाइफ जैकेट जरूर देख लें। डीएम ने मादक पदार्थों का सेवन कर नदी/तालाब/पोखर में प्रवेश न करने, पानी में किसी भी प्रकार का खेल न खेलने को कहा है।

### अलग-अलग मामलों में किशोरी का अपहरण व मारपीट कर धमकी देने का मुकदमा दर्ज

**बलहा, अमृत विचार।** कोतवाली नानपारा अंतर्गत दो अलग-अलग मामलों में शिकायतें दर्ज की गई हैं। इनमें एक 15 वर्षीय किशोरी के अपहरण का आरोप है, जबकि दूसरे मामले में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। पहली शिकायत हाड़ा बसहरी निवासी एक व्यक्ति ने दर्ज कराई है, जो वर्तमान में भलुहिया भारत में रहते हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि 23 अप्रैल की रात उनकी लगभग 15 वर्षीय बेटी घर में सो रही थी। आरोप है कि भलुहिया भारत निवासी इरशाद अली पुत्र ऐहशान अली ने उसे बहला-फुसलाकर शादी की नीयत से भगा लिया। शिकायतकर्ता के अनुसार, लोक-लाज के कारण उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना नहीं दी थी। अब उन्होंने प्रभारी निरीक्षक से आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया है। दूसरी शिकायत स्टेशन रोड, जुबली गंज निवासी ज्योति साहू पत्नी पिंटू गुप्ता ने दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि बच्चों के बीच कहासुनी के बाद गाली-गलौज हुई। जब उनके भतीजे राजन गुप्ता पुत्र स्वर्गीय दिनेश चंद्र गुप्ता ने इसका विरोध किया, तो विपक्षी भड़क गए और मारपीट शुरू कर दी। इस मारपीट में राजन गुप्ता के दाहिने हाथ के अंगूठे में गंभीर चोट आई है। ज्योति साहू ने भी पुलिस से आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने जानकारी दी कि दोनों मामलों में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है।

### मदर्स डे पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**बहराइच, अमृत विचार।** नगर के सरस्वती नगर स्थित न्यू इंडियन पब्लिक स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रबंधक डॉ. देवेन्द्र कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से मां के प्रति सम्मान और प्रेम व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए प्रबंधक डॉ. देवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने शास्त्रों के प्रसिद्ध कथन 'कुपुत्रो जायेत क्वचिदपि कुमाता न भवति' का उल्लेख करते हुए कहा कि पुत्र भले ही कुपुत्र हो जाए, लेकिन माता कभी कुमाता नहीं होती। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि मां स्वयं भूखी सो सकती है, परंतु अपने बच्चों को कभी भूखा नहीं रहने देती और सदैव उनकी बेहतरी और उज्जवल भविष्य के लिए ही सोचती है। कार्यक्रम के दौरान प्रधान शिक्षिका आरती तिवारी के साथ ही मनोज वर्मा, अवनीश वर्मा, नमिता वर्मा, शिवानी, खुशबू, गुंजन और मानसी समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी अपने विचार साझा किए और बच्चों को मां के त्याग व समर्पण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान अंश सिंह, परीक्षित, वत्स उपाध्याय, लकी शुक्ला, आयुष सिंह, दीपक मिश्रा, ओमेंद्र मिश्र, निमिष, समृद्ध सिंह, आद्या शर्मा और जाहन्वी गौतम सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिन्होंने इस विशेष दिन को उत्साहपूर्वक मनाया।


मां के प्रति प्रेम प्रदर्शित करते बच्चे।

### बच्चों ने किया जांच शिविर का आयोजन

**बलहा, अमृत विचार।** भारत स्काउट एंड गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में नगर के सआदत इंटर कॉलेज में स्काउट के बच्चों द्वारा प्रथम द्वितीय और तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सआदत इंटर कॉलेज के प्रबंधक तहसीलदार शैलेश अवस्थी रहे। स्काउट शिविर में बच्चों ने दैवीय आपदा एवं स्वास्थ्य तथा अनुशासन एवं शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन किया। स्काउट शिविर में नगर के सआदत इंटर कॉलेज तथा वैद्य भगवान दीन बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। शिविर में बच्चों का तहसीलदार शैलेश अवस्थी ने उत्साह वर्धन करते हुए उनके शिविरों का निरीक्षण किया तथा उन्हें आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनते हुए राष्ट्र सेवा के प्रति अपने को समर्पित करते हुए लोगों को जागरुक करने की बात कही। शिविर संचालक कायम इस्लाम जिला संगठन आयुक्त गाइड एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरविंद कुमार मिश्रा एवं स्काउटर निमिष गुप्ता, प्रदीप वर्मा, सीमा यादव ने बच्चों को स्काउट के बारे में जानकारी दी इस मौके पर विद्यालय के प्रबंध कमेटी के नरेश चंद्र अग्रवाल, एस.पी.गुप्ता, उमेश चंद्र शाह सहित विद्यालय के शिक्षकगण मौजूद रहे।


दक्षता का प्रदर्शन करते स्काउट की छात्राएं।

### थाना समाधान दिवस में नहीं निपटे मामले

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जिले के थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान आए कुल 60 के सापेक्ष किसी भी मामले ही मौले पर निस्तारण नहीं हो सका। इकौना थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में डीएम अन्नपूर्णा गर्ग व एसपी राहुल भाटी ने फरियादियों की समस्या सुना। साथ ही उसे गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यहां राजस्व से संबंधित कुल छह मामले आए, जिनमें से किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। समाधान दिवस के दौरान हरदत्त नगर गिरंट में राजस्व से संबंधित पांच, मल्हीपुर में दो पुलिस व तीन राजस्व से सम्बंधित, सिरसिया में राजस्व से संबंधित 12, भिनगा में छह पुलिस व 12 राजस्व, सोनवा में तीन राजस्व व एक पुलिस से संबंधित, कटरा में राजस्व से संबंधित तीन तथा गिलौला पांच राजस्व तथा दो पुलिस से संबंधित मामले आए। इस दौरान कहीं कोई भी मामला मौके पर निस्तारित नहीं हो सका।

# बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति से महाराणा प्रताप को किया याद

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** गुरुकुल पब्लिक स्कूल, टिकोरा मोड़, बहराइच में महाराणा प्रताप जयंती बड़े हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं प्रेरणादायक भाषणों के माध्यम से महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग एवं राष्ट्रभक्ति को जीवंत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मेजर एस.पी. सिंह, प्रबंधक किसान डिग्री कॉलेज एवं अजीत सिंह, ब्लॉक प्रमुख हुजूरपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक एवं विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत के प्रांत अध्यक्ष राजदेव सिंह ने की। इस अवसर पर गुरुकुल पब्लिक स्कूल के एमडी एवं विश्व हिन्दू परिषद अवध प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष राजदेव सिंह तथा व्यवसायी सुशील माहेश्वरी नूतन ने कार्यक्रम में मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन कक्षा 10 की छात्राओं कृतिका एवं प्रभांशी द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत सौरभ के प्रेरणादायक भाषण से हुई। इसके पश्चात सिद्धि ने "देवा श्री गणेशा" नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अथर्व ओझा ने अंग्रेजी कविता प्रस्तुत की, वहीं एल.के.जी. के नन्हे बच्चों ने "ऊं साईं राम" प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।


कार्यक्रम के दौरान व्यवसाई नूतन माहेश्वरी का स्वागत करते आयोजक।


कार्यक्रम में मौजूद बच्चे।

### मनाई गई जयंती

**अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने शौर्य और बलिदान को किया याद:** जिले में आज वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। नगर में स्थित किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सामने स्थापित महाराणा प्रताप की प्रतिमा के प्रांगण में सुबह से ही लोगों का तांता लगा रहा। जिसकी अध्यक्षता क्षत्रिय महासभा के द्वारा की गई। इस खास अवसर पर जहाँ एक ओर विधि-विधान से पूजन अर्चन हुआ वहीं दूसरी ओर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।


महाराणा प्रताप की प्रतिमा के सामने जुटे क्षत्रिय समाज के लोग। अमृत विचार

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित किसान पीजी कॉलेज की प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ. एसपी सिंह ने महाराणा प्रताप के अदम्य साहस और मातृभूमि के प्रति उनके बलिदान को याद किया। वही अध्यक्ष डॉ जीतेंद्र सिंह ने आज की युवा पीढ़ी को नसीहत देते हुए कहा कि महाराणा प्रताप के जीवन का हर अध्याय हमें स्वाभिमान और वीरता की सीख देता है, जिसे आज आत्मसात करने की जरूरत है।

इस अवसर ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह चंद्रशेखर सिंह, देवानंद सिंह, सभासद मानवेन्द्र सिंह मन्नू, राजीव सिंह, एडवोकेट धनंजय सिंह, मीडिया प्रभारी अटल सिंह, रवि प्रताप सिंह, शोभित सिंह, मुकेश सिंह, बड़ी संख्या में आम जनमानस उपस्थित रहा।

आयोजन

जिला जज ने कर्मचारियों को अधिक से अधिक मामलों का निपटाने का निर्देश दिए

# राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते से 2789 मामले निस्तारित

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला जज राकेश धर दुबे ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान सुलह-समझौते से कुल 2789 वादों का निस्तारण कराया गया।

जिला जज व डीएम के अधीन न्यायालयों सहित विभिन्न कार्यालयों, सभी बैंकों के प्रबन्धकों व एलडीएम जुगुल किशोर सिंह तथा क्षेत्रीय प्रबंधक यूपी ग्रामीण बैंक ने मामलों का निस्तारण किया। इस मौके पर जिला जज ने जिला न्यायालय में प्राधिकरण की सचिव अनुप्रिया के साथ विभिन्न बैंकों के स्टाल का निरीक्षण कर संबंधित कर्मचारियों को अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया। जिला जज राकेश धर दुबे की ओर से क्रिमिनल मिसलेनियस के पांच वाद निस्तारित कर 2500 रुपये जुर्माना वसूल किया गया। प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय आनन्द कुमार ने वैवाहिक मामलों व मेंटेनेन्स से संबंधित आठ-आठ वाद का निस्तारण किया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित कुमार प्रजापति ने इलेक्ट्रिक बिल के 22 वाद निस्तारित कर 54 हजार रुपये जुर्माना लगाया। साथ ही अन्य मामलों के 54 वाद निस्तारित किए। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एससी/एसटी अवनीश गौतम ने दो वाद निस्तारित किया। न्यायालय सिविल जज विनीत कुमार यादव ने ट्रैफिक चालानी के 15 वाद निस्तारित कर 14 हजार 700 रुपये वसूल किया। साथ ही पेट्टी अफेन्स के 420 वाद निस्तारित कर 8,370 रुपये वसूला। न्यायालय सिविल जज एफटीसी, प्रद्युम्न कुमार मिश्रा की ओर से क्रिमिनल कम्पाउन्डेबल का एक वाद, पेट्टी अफेन्स के 116 वाद व सिविल केस का वाद वाद निस्तारित किया। कार्यक्रम का संचालन पैनल लॉयर डीएलएसए अशोक कुमार शर्मा ने किया। इस दौरान एडीजे अमित कुमार प्रजापति, एडीजे (एससी/एसटी एक्ट)/नोडल अधिकारी रालोअ अवनीश गौतम, सिविल जज प्रवर खंड विनीत कुमार यादव, प्रद्युम्न कुमार मिश्र, अवर खंड अरविन्द कुमार मद्धेशिया, जेएम दिलीप कुमार साहनी, अभियोजन अधिकारी एवं बैंकर्स, अधिवक्ता मौजूद रहे।


मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाते जिला जज राकेश धर दुबे।

### बहराइच में 171836 वादों का हुआ निस्तारण

**बहराइच, अमृत विचार।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 01 लाख 71 हज़ार 836 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ दीवानी न्यायालय परिसर में स्थित सभागार में जनपद न्यायाधीश श्री सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश शैली राय, विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) पवन कुमार शर्मा, तृतीय अपर जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह, चतुर्थ अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश ई.सी. एक्ट सुश्री कविता निगम, पंचम अपर जनपद न्यायाधीश सुनील प्रसाद, नोडल अधिकारी लोक अदालत/विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट अरविन्द कुमार गौतम, अपर जनपद न्यायाधीश/एफ.टी.सी. द्वितीय अनिल कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनोद कुमार यादव एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण मौजूद रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद बहराइच के कुल 171836 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें जिला न्यायालय द्वारा 5874 वादों, अपर प्रधान न्यायाधीश प्रथम परिवार न्यायालय, बहराइच दीप कान्त मणि की अध्यक्षता में पारिवारिक मामलों के 13 वादों को निस्तारण किया गया।

